हल : माना A.P. का पहला पद a तथा सार्व अंतर d है।

$a_2 = 14$ और $a_3 = 18$

$\Rightarrow a + d = 14$ और $a + 2d = 18$

समीकरणों को हल करने पर,

$d = 4$ और $a = 10$

$S_n = \frac{n}{2}[2a + (n-1)d]$ में $a = 10, d = 4$ और $n = 51$ रखने पर,

$$S_{51} = \frac{51}{2}[2 \times 10 + (51-1) \times 4]$$

$$= \frac{51}{2}[20 + 50 \times 4] = \frac{51}{2}(20 + 200)$$

$$= \frac{51}{2} \times 220 = 51 \times 110 = 5610$$

अतः 51 पदों का योग 5610 है; उत्तर।

प्रश्न 52. यदि किसी समकोण त्रिभुज की भुजाएँ सम श्रेढ़ (A.P.) में हों तो सिद्ध करें कि उनकी लंबाइयाँ 3 : 4 : 5 के अनुपात में होंगी। (M. Q., Set–II : 2011)

हल : माना समकोण त्रिभुज की भुजाएँ $a - d$, a तथा $a + d$ हैं।

$\therefore \quad (a+d)^2 = a^2 + (a-d)^2$

$\Rightarrow \quad a^2 + d^2 + 2ad = a^2 + a^2 + d^2 - 2ad$

$\Rightarrow \quad a^2 + 4ad$ या, $a = 4d$

$\therefore$ भुजाएँ हैं : $4d - d, 4d, 4d + d$

$\Rightarrow 3d, 4d, 5d$

अनुपात = 3 : 4 : 5. सिद्ध हुआ।

प्रश्न 53. 8 के प्रथम 15 गुणजों का योग ज्ञात कीजिए।

हल : 8 के प्रथम 15 गुणज हैं $8 \times 1, 8 \times 2, 8 \times 3, ..., 8 \times 15$.

अर्थात् 8, 16, 24, ..., 120, जो A.P. है।

$\therefore$ 8 के प्रथम 15 गुणजों का योग $= \frac{15}{2}(8 + 120)$

$$= \frac{15}{2} \times 128 \quad \left[S_n = \frac{n}{2}(a+l)\right]$$

$= 15 \times 64 = 960$; उत्तर।

प्रश्न 54. 8 के प्रथम 15 गुणजों का योग ज्ञात कीजिए। (2016C)

हल : $8 + 16 + 24 + ... + 120$

$a = 8, \quad d = 16 - 8 = 8$

$\therefore \quad t_n = a + (n-1)d \qquad 120 = 8 + (n-1)8$

$\Rightarrow \quad 120 - 8 = (n-1)8 \quad \Rightarrow \quad 112 = (n-1)8$

$\Rightarrow \quad n - 1 = \frac{112}{8} = 14 \qquad \therefore \quad n = 14 + 1 = 15$

$$\Sigma_n = \frac{n}{2}(a + t_n) = \frac{15}{2}(8 + 120) = \frac{15}{2} \times 128 = 960.$$ उत्तर।

Exercise

प्रश्न 1. यदि दो त्रिभुजों में संगत कोण बराबर हों तथा उनकी संगत भुजाएँ समानुपाती हों, तो दोनों Δ आपस में क्या हो सकते हैं? (2011A)

उत्तर : समरूप


प्रश्न 2. ऐसे समकोण त्रिभुज की रचना की संभावना ज्ञात कीजिए जिसकी भुजाएँ 5 cm, 6 cm और 8 cm हों। (M. Q., Set–I : 2011)

उत्तर : सम्भव नहीं।

प्रश्न 3. 'एक समकोण त्रिभुज में कर्ण का वर्ग शेष दो भुजाओं के वर्गों के योग के बराबर होता है।' इस प्रमेय को किसने प्रतिपादित किया? (2011A)

हल : पाइथागोरस।

प्रश्न 4. ΔABC की भुजाओं के मध्यबिन्दु क्रमशः D, E और F हों तो $\frac{ar(DEF)}{ar(ABC)}$ का मान ज्ञात करें। (M. Q., Set–IV : 2011)



हल : $\frac{ar(\Delta DEF)}{ar(\Delta ABC)} = \frac{1}{4}$

प्रश्न 5. ΔABC में, $AB = 6\sqrt{3}$ सेमी, $AC = 12$ सेमी और $BC = 6$ सेमी, तो $\angle B$ का मान ज्ञात करें। (2011C)


हल : $AB^2 + BC^2 = AC^2$

या, $(6\sqrt{3})^2 + (6)^2 = (12)^2$

या, $108 + 36 = 144$

या, $144 = 144$

पाइथागोरस प्रमेय के विलोम से ABC एक समकोण त्रिभुज है जिसमें $\angle B = 90°$ है। उत्तर।



प्रश्न 6. किसी चक्रीय चतुर्भुज के आमने-सामने का कोण 4 : 5 के अनुपात में है, तो कोणों का मान ज्ञात करें। (2012A, 2015C)

हल : चक्रीय चतुर्भुज के आमने-सामने के कोण सम्पूरक होते हैं।

$\therefore \quad \angle B + \angle D = 180° \quad \Rightarrow \quad 4x + 5x = 180°$

$\Rightarrow \quad 9x = 180° \qquad \therefore \quad x = \frac{180}{9} = 20°$

$$\left.\begin{aligned} 4x &= 4 \times 20° = 80° \\ 5x &= 5 \times 20° = 100° \end{aligned}\right\}$$ उत्तर।

प्रश्न 7. समान संख्या के भुजाओं वाले बहुभुजों के समरूप होने की आवश्यक शर्त्तों को लिखें। (M. Q., Set–I : 2011, M. Q., Set–III : 2015)

हल : (i) सभी संगत कोण बराबर हों।

(ii) सभी संगत भुजाएँ समानुपाती हों।

प्रश्न 8. दो त्रिभुजों के समरूप होने की किन्हीं दो शर्त्तों को लिखें। (M. Q., Set–III : 2011)

अथवा, दो त्रिभुजों के समरूप होने की दो शर्त्तों को लिखें। (2011A, 2012C, M. Q., Set–III : 2016)

हल : दो त्रिभुजों के समरूप होने की शर्तें इस प्रकार हैं–

(i) दो त्रिभुजों में संगत कोण बराबर हों अर्थात् दोनों त्रिभुज समकोणिक हों।

(ii) दो त्रिभुजों की संगत भुजाएँ आनुपातिक हों और संगत भुजाओं से अंतरित कोण बराबर हों।

प्रश्न 9. दो समरूप त्रिभुजों की परिमाप 30 cm और 20 cm है। यदि पहले त्रिभुज की एक भुजा 12 cm हो, तो दूसरे त्रिभुज की संगत भुजा निकालें। (M. Q., Set–III : 2015)

हल : $\frac{\text{परिमाप } \Delta(ABC)}{\text{परिमाप } \Delta(DEF)} = \frac{BC}{EF}$

$\Rightarrow \quad \frac{30}{20} = \frac{12}{x}$

$\Rightarrow \quad x = \frac{20 \times 12}{30} = 8$ cm. उत्तर।


प्रश्न 10. समलम्ब चतुर्भुज ABCD में AB ∥ CD और AB = 2CD यदि ΔAOB का क्षेत्रफल 84 cm^2 हो तो ΔCOD का क्षेत्रफल निकालें। (M. Q., Set–I : 2015)

हल : चूँकि ΔAOB समरूप हैं ΔCOD के और माना कि $ar(\Delta COD) = x$

$$\therefore \quad \frac{ar(\Delta AOB)}{ar(\Delta COD)} = \frac{AB^2}{CD^2} \Rightarrow \frac{84}{x} = \left(\frac{2CD}{CD}\right)^2$$

$$\Rightarrow \quad \frac{84}{x} = 4$$

$$\therefore \quad x = \frac{84}{4} = 21 cm^2$$




प्रश्न 11. ΔPQR की भुजाओं PQ और PR पर क्रमशः बिन्दुएँ E और F स्थित हैं। यदि PE = 6 सेमी, QE = 6.6 सेमी, PF = 9 सेमी तथा RF = 9.9 सेमी हैं, तो सिद्ध करें कि EF ∥ QR है। (2014C)

हल : दिया हुआ है कि PE = 6 cm, QE = 6.6 cm,
PF = 9 cm, RF = 9.9 cm

$$\frac{PE}{QE} = \frac{6}{6.6} = \frac{1}{1.1} \quad \text{... (i)}$$

$$\frac{PF}{RF} = \frac{9}{9.9} = \frac{1}{1.1} \quad \text{... (ii)}$$



समीकरण (i) और (ii) से,

$$\frac{PE}{QE} = \frac{PF}{RF}$$


∴ आधारभूत आनुपातिकता प्रमेय के विलोम से EF ∥ QR. Proved.

प्रश्न 12. किसी ΔPQR की भुजाएँ PQ और PR पर क्रमशः बिंदु E और F स्थित हैं। यदि PE = 4 सेमी॰, QE = 4.5 सेमी॰, PF = 8 सेमी॰ और RF = 9 सेमी॰ हो तो बताइए कि क्या EF ∥ QR है ? (2014A)

हल : PE = 4 सेमी॰, QE = 4.5 सेमी॰,
PF = 8 सेमी॰, RF = 9 सेमी॰

$$\frac{PE}{QE} = \frac{4}{4.5} = \frac{40}{45} = \frac{8}{9} \quad \text{... (1)}$$

$$\frac{PF}{RF} = \frac{8}{9} \quad \text{... (2)}$$




समीकरण (1) और (2) से,

$$\frac{PE}{QE} = \frac{PF}{RF}$$

∴ आधारभूत आनुपातिकता प्रमेय के विलोम से EF ∥ QR.

प्रश्न 13. आकृति में DE ∥ BC है; तो EC ज्ञात कीजिए। (2016A)




हल : ΔABC में, DE ∥ BC .... (दिया है)

$$\therefore \quad \frac{AD}{BD} = \frac{AE}{EC}$$ [आधारभूत समानुपातिकता प्रमेय का प्रयोग करने पर]

$$\frac{1.5}{3} = \frac{1}{EC} \qquad EC = \frac{3}{1.5}$$

$$EC = \frac{3 \times 10}{15} = 2 \qquad \therefore \quad EC = 2 \text{ cm; उत्तर}$$

प्रश्न 14. दी गई आकृति में DE ∥ BC और $\frac{AD}{DB} = \frac{3}{5}$। यदि AC = 4.8 सेमी॰ हो, तो AE का मान ज्ञात कीजिए। (2013C)



हल : $\because \quad \frac{AD}{DB} = \frac{3}{5} \Rightarrow \frac{AD}{DB} + 1 = \frac{3}{5} + 1$

$$\Rightarrow \quad \frac{AD + DB}{DB} = \frac{3+5}{5} \Rightarrow \frac{AB}{DB} = \frac{8}{5}$$

आधारभूत आनुपातिकता प्रमेय से ;

$$\frac{AD}{DB} = \frac{AE}{EC} \Rightarrow \frac{AD}{DB} + 1 = \frac{AE}{EC} + 1$$

$$\Rightarrow \quad \frac{AD + DB}{DB} = \frac{AE + EC}{EC} \Rightarrow \frac{AB}{DB} = \frac{AC}{EC}$$

$$\Rightarrow \quad \frac{8}{5} = \frac{4.8}{EC} \qquad \therefore \quad EC = \frac{4.8 \times 5}{8} = \frac{24.0}{8} = 3 \text{ सेमी}$$

∴ AC = AE + EC;


AE = AC – EC = 4.8 – 3 = 1.8 सेमी उत्तर।

प्रश्न 15. किसी ΔPQR की भुजाएँ PQ और PR पर क्रमशः बिंदु E और F स्थित हैं। यदि PQ = 1.28 सेमी॰, PR = 2.56 सेमी॰, PE = 0.18 सेमी॰ और PF = 0.36 सेमी॰ हो; तो बताइए कि क्या EF ∥ QR है ? (2014A)

हल : PQ = 1.28 सेमी॰, PR = 2.56 सेमी॰,
PE = 0.18 सेमी॰, PF = 0.36 सेमी॰

EQ = PQ – PE = 1.28 – 0.18 = 1.10 सेमी॰

FR = PR – PF = 2.56 – 0.36 = 2.20 सेमी॰



यहाँ $\frac{PE}{EQ} = \frac{0.18}{1.10} = \frac{18}{110} = \frac{9}{55}$ ... (1)

और $\frac{PF}{FR} = \frac{0.36}{2.20} = \frac{36}{220} = \frac{9}{55}$ ... (2)

समीकरण (1) और (2) से,

$$\frac{PE}{EQ} = \frac{PF}{FR}$$

∴ आधारभूत आनुपातिकता प्रमेय के विलोम से EF ∥ QR.

प्रश्न 16. ΔABC ~ ΔDEF; AB = 5cm, $ar(ABC) = 20 cm^2$ तथा $ar(DEF) = 45 cm^2$ तो DE = ? (M. Q., Set–IV : 2011, M. Q., Set–II : 2016)

हल : Δ ABC ~ Δ DEF; AB = 5 cm.


$ar(\Delta ABC) = 20$; $ar(\Delta DEF) = 45$

$$\frac{(DE)^2}{(AB)^2} = \frac{45}{20}$$

$$\Rightarrow \quad (DE)^2 = \frac{45}{20} \times 5^2 = \frac{45 \times 5}{4} = \frac{9 \times 25}{4}$$

$$\therefore \quad DE = \frac{3 \times 5}{2} = \frac{15}{2} = 7.2 \text{ cm. उत्तर।}$$

प्रश्न 17. दी गयी आकृति में, DE ∥ BC तो x का मान निकालें। (M. Q., Set–II : 2015)



हल : $\Delta ADE \sim \Delta ABC$

$\therefore \quad \frac{AD}{DB} = \frac{AE}{EC}; \qquad \frac{4}{x-4} = \frac{x-3}{3x-19}$

$\Rightarrow \quad 4(3x - 19) = (x - 3)(x - 4)$

$\Rightarrow \quad 12x - 76 = x^2 - 7x + 12$

$\Rightarrow \quad x^2 - 7x + 12 - 12x + 76 = 0$

$\Rightarrow \quad x^2 - 19x + 88 = 0$

$x^2 - 11x - 8x + 88 = 0$

$\Rightarrow \quad x(x - 11) - 8(x - 11) = 0$

$\Rightarrow \quad (x - 8)(x - 11) = 0$


$\therefore \quad x = 8, 11.$ उत्तर।

प्रश्न 18. समलम्ब चतुर्भुज की समान्तर भुजाओं की लम्बाइयाँ क्रमशः 17 सेमी. और 25 सेमी. हैं, तो असमान्तर भुजाओं के मध्य बिन्दुओं को मिलाने वाली रेखा की लम्बाई निकालें। (2015C)

हल : माना कि E, AB का मध्य बिन्दु है।

$\frac{AE}{EB} = 1 \qquad \ldots (i)$

पुनः F, DC का मध्य बिन्दु है।



$\therefore \quad \frac{DF}{FC} = 1 \qquad \ldots (ii)$

समीकरण (i) और (ii) से,

$\frac{AE}{EB} = \frac{DF}{FC}$

$\therefore$ थेल्स प्रमेय के विलोम के अनुसार,

$EF \parallel BC \parallel AD$

हम जानते हैं कि किसी त्रिभुज की दो भुजाओं के मध्य बिन्दुओं को मिलाने वाली रेखा तीसरी भुजा के समानांतर तथा आधी होती है।

त्रिभुज ABC में,

$$EP = \frac{1}{2} BC = \frac{1}{2} \times 25 = 12.5 \text{ cm.}$$

त्रिभुज ADC में,

$$PF = \frac{1}{2} AD = \frac{1}{2} \times 17 = 8.5 \text{ cm.}$$

$\therefore \quad EF = EP + PF = 12.5 + 8.5 = 21$ cm. उत्तर।

प्रश्न 19. दो समरूप ΔABC और ΔPQR का परिमाप क्रमशः 36 सेमी और 24 सेमी है। यदि PQ = 10 सेमी; तो AB का मान निकालें। (M. Q., Set–V : 2016)

हल : $\frac{\Delta ABC \text{ की परिमाप}}{\Delta PQR \text{ की परिमाप}} = \frac{AB}{PQ}$

$\Rightarrow \quad \frac{36}{24} = \frac{AB}{10} \qquad \Rightarrow \quad \frac{3}{2} = \frac{AB}{10}$


$\therefore \quad AB = \frac{3 \times 10}{2} = 3 \times 5 = 15$ cm. उत्तर।

प्रश्न 20. एक समबाहु त्रिभुज ABC की भुजा $2a$ है। उसके शीर्ष लम्ब ज्ञात कीजिए। (2016A)

हल : ΔABC में

$AB = BC = CA = 2a$

तथा $AD \perp BC$




$\therefore \quad AD = \sqrt{(2a)^2 - a^2} = \sqrt{4a^2 - a^2}$

$= \sqrt{3a^2} = a\sqrt{3},$ उत्तर।

प्रश्न 21. दो समरूप त्रिभुजों के क्षेत्रफल 36 सेमी.^{2} एवं 81 सेमी.^{2} हैं। यदि पहले त्रिभुज की ऊँचाई 4.8 सेमी. हो, तो दूसरे त्रिभुज की संगत ऊँचाई ज्ञात करें। (2012A)

हल : हम जानते हैं कि दो समरूप त्रिभुजों के क्षेत्रफल का अनुपात उनकी संगत ऊँचाइयों के वर्गों के अनुपात के बराबर होता है।

$\frac{\text{क्षे० } (\Delta ABC)}{\text{क्षे० } (\Delta DEF)} = \frac{AL^2}{DM^2}$




$\Rightarrow \quad \frac{36}{81} = \frac{AL^2}{DM^2} \qquad \therefore \quad \frac{AL}{DM} = \sqrt{\frac{36}{81}} = \frac{6}{9}$

$\because \quad AL = 4.8$ सेमी० $\qquad \therefore \quad \frac{4.8}{DM} = \frac{6}{9}$

$\therefore \quad DM = \frac{9 \times 4.8}{6} = 3 \times 2.4 = 7.2$ सेमी० उत्तर।

प्रश्न 22. त्रिभुज ABC में PQ ∥ BC है, तो x का मान निकालें। (2015C)



हल : थेल्स प्रमेय के अनुसार ;


$\frac{AP}{PB} = \frac{AQ}{QC}; \qquad \frac{8}{4} = \frac{3x}{x+2}$

$\Rightarrow \quad 4 \times 3x = 8(x + 2) \qquad \Rightarrow \quad 12x = 8x + 16$

$\Rightarrow \quad 12x - 8x = 16 \qquad \Rightarrow \quad 4x = 16$

$\therefore \quad x = \frac{16}{4} = 4$ उत्तर।

प्रश्न 23. यदि DE ∥ BC तो x का मान बतावें। (2016C)



हल : थेल्स प्रमेय से,

$\frac{AD}{DB} = \frac{AE}{EC} \qquad \Rightarrow \quad \frac{x}{16} = \frac{34}{17}$

$\Rightarrow \quad x = 16 \times 2 = 32.$ उत्तर।


प्रश्न 24. मान लीजिए कि ΔABC और ΔDEF समरूप हैं और इनके क्षेत्रफल क्रमशः 64 वर्ग सेमी. और 121 वर्ग सेमी. हैं। यदि $EF = 15.4$ सेमी तो BC ज्ञात कीजिए। **(2016A)**

हल : दो त्रिभुजों के क्षेत्रफल का अनुपात, उन त्रिभुजों की भुजाओं के वर्ग के अनुपात के बराबर होते हैं।

$$\therefore \quad \frac{ar(\Delta ABC)}{ar(DEF)} = \frac{BC^2}{EF^2}$$


$$\Rightarrow \quad \frac{64}{121} = \frac{BC^2}{EF^2}$$

$$\therefore \quad \frac{BC}{EF} = \sqrt{\frac{64}{121}} = \frac{8}{11}$$



$$\therefore \quad BC = \frac{EF \times 8}{11} = \frac{15.4 \times 8}{11} = \frac{123.2}{11} = 11.2 \text{ cm.}$$ उत्तर।

प्रश्न 25. दी गई आकृति में LF ज्ञात करें जहाँ $LM \parallel FG$. **(2016A)**




हल : $\because LM \parallel FG$

$\therefore$ थेल्स प्रमेय से,

$$\frac{EL}{LF} = \frac{EM}{MG} \qquad \frac{EL}{7.2} = \frac{1.8}{5.4} = \frac{18}{54} = \frac{1}{3}$$

या, $3EL = 7.2$ $\qquad \therefore \quad EL = \frac{7.2}{3} = 2.4$ सेमी. उत्तर।

प्रश्न 26. दी गई आकृति में यदि $LM \parallel PQ$, $\angle BOC = 125°$ तथा $\angle CDO = 70°$ हैं, तो $\angle DOC$ तथा $\angle DCO$ ज्ञात करें। **(2016A)**



हल : $\angle DOC + \angle COB = 180°$

$\therefore \quad \angle DOC = 180° - \angle COB = 180° - 125° = 55°$

ΔDOC में,

$$\angle DOC + \angle DCO + \angle CDO = 180°$$

$\therefore \quad \angle DCO = 180° - (\angle DOC + \angle CDO)$

$$= 180° - (70° + 55°) = 180° - 125° = 55°$$

$\therefore \quad \angle DOC = \angle DCO = 55°$ उत्तर।

प्रश्न 27. ΔABC में P और Q क्रमशः AB तथा AC पर दो बिन्दु इस प्रकार हो कि $PQ \parallel BC$ और $\frac{AP}{PB} = \frac{2}{3}$ हो, तो $\frac{AQ}{QC}$ का मान ज्ञात करें।

(2012C, M. Q., Set–IV : 2016)

हल : $\because PQ \parallel BC$

$\therefore \quad \frac{AQ}{QC} = \frac{AP}{PB}$ (थेल्स प्रमेय से)

या, $\frac{AQ}{QC} = \frac{2}{3}$ उत्तर।

प्रश्न 28. यदि $\Delta ABC \sim \Delta PQR$ और क्षेत्रफल (ΔABC) : क्षेत्रफल $(\Delta PQR) = 121 : 169$ तो $BC : QR$ का मान बताएँ। **(2016C)**


हल : $\frac{ar(ABC)}{ar(PQR)} = \frac{BC^2}{QR^2}$

$$\Rightarrow \quad \frac{121}{169} = \frac{BC^2}{QR^2} \qquad \therefore \quad \frac{BC}{QR} = \sqrt{\frac{121}{169}} = \frac{11}{13}$$

$\Rightarrow \quad BC : QR = 11 : 13.$ उत्तर।

प्रश्न 29. दिये गये आकृति में $AD = 5$ cm, $AE = 6$ cm, $BC = 12$ cm तथा $DB = 10$ cm हो तो EC और DE का मान निकालें।

(M. Q., Set–I : 2015)



हल : दिया है, ΔABC और ΔADE समरूप हैं, और माना $CE = x$

$$\therefore \quad \frac{AB}{AD} = \frac{AC}{AE} \qquad \Rightarrow \quad \frac{15}{5} = \frac{x+6}{6}$$

$$\Rightarrow \quad 18 = x + 6 \qquad \Rightarrow \quad 18 - 6 = x$$


$\therefore \quad EC = 12$ cm तथा $DE = \frac{12}{2} = 6$ cm. उत्तर।

प्रश्न 30. दो समरूप त्रिभुजों के क्षेत्रफलों का अनुपात 25 : 64 है; तो उनके भुजा का अनुपात निकालें। **(M. Q., Set–IV : 2015)**

हल : समरूप त्रिभुज के क्षेत्रफलों का अनुपात त्रिभुजों की भुजाओं के वर्गों के अनुपात

$$\therefore \quad \frac{ar\,\Delta(ABC)}{ar\,\Delta(DEF)} = \frac{AB^2}{DE^2}$$

$$\Rightarrow \quad \frac{25}{64} = \frac{AB^2}{DE^2}$$



$$\therefore \quad \frac{AB}{DE} = \sqrt{\frac{25}{64}} = \frac{5}{8} = 5:8$$ उत्तर।

प्रश्न 31. एक समबाहु त्रिभुज की परिमिति 30 cm है इसका क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए। (2017A)

हल : समबाहु Δ की भुजा $= \frac{\text{परिमिति}}{3} = \frac{30}{3} = 10$ cm.

समबाहु Δ का क्षेत्रफल $= \frac{\sqrt{3}}{4}(\text{भुजा})^2 = \frac{\sqrt{3}}{4}(10)^2$


$= \frac{\sqrt{3}}{4} \times 10 \times 10 = 25\sqrt{3}$ cm². उत्तर।

प्रश्न 32. समबाहु त्रिभुज ΔABC की एक भुजा 10 cm तथा समबाहु ΔDEF की एक भुजा 5 cm है। ΔABC तथा ΔDEF के क्षेत्रफलों का अनुपात ज्ञात करें। (2017A)

हल : $\frac{\text{समबाहु } \Delta \text{ ABC का क्षेत्रफल}}{\text{समबाहु } \Delta \text{ DEF का क्षेत्रफल}}$

$= \frac{AB^2}{DE^2} = \frac{(10)^2}{(5)^2}$

$= \frac{100}{25} = 4:1$. उत्तर।



प्रश्न 33. ΔABC की भुजाओं BC, CA और AB के क्रमशः D, E, F मध्य बिन्दु हैं, तो $\frac{ar(\Delta DEF)}{ar(\Delta ABC)}$ को ज्ञात करें। (M. Q., Set–I : 2015, 2015C)

हल : चूँकि D और E क्रमशः BC और AC का मध्य बिन्दु है।

∴ DE ∥ AB और DE ∥ FA ... (i)


इसी प्रकार D, F क्रमशः BC और AB का मध्य बिन्दु है।

∴ DF ∥ AC और DF ∥ AE ... (ii)

(i) और (ii) से,

चूँकि AFDE और BDEF एक स० च० है।


∴ ∠EDF = ∠A और ∠DEF = ∠B



∴ $\Delta DEF \sim \Delta ABC = \frac{\text{area}(\Delta DEF)}{\text{area}(\Delta ABC)} = \frac{DB^2}{AB^2}$

$= \frac{\left(\frac{1}{2}AB\right)^2}{AB^2} = \left(\frac{1}{2}\right)^2 = \frac{1}{4} = 1:4$ उत्तर।

प्रश्न 34. आकृति में, AB = AC वाले, एक समद्विबाहु त्रिभुज ABC की बढ़ाई गई भुजा CB पर स्थित E एक बिंदु है। यदि AD ⊥ BC और EF ⊥ AC है, तो सिद्ध कीजिए कि ΔABD ~ ΔECF है।



हल : दिया है : AB = AC वाले एक समद्विबाहु ΔABC की बढ़ाई गई भुजा CB पर स्थित E एक बिंदु है। AD ⊥ BC और EF ⊥ AC हैं।

सिद्ध करना है : ΔABD ~ ΔECF

उपपत्ति : ΔABC समद्विबाहु त्रिभुज है। (दिया है)

AB = AC (त्रिभुज में समान भुजाओं के सम्मुख कोण बराबर होते हैं)

∴ ∠B = ∠C


ΔABD और ΔECF में,

∠ABD = ∠ECF (ऊपर प्रमाणित)

∠ADB = ∠EFC (प्रत्येक 90°)

∴ ΔABD ~ ΔECF Proved. [AA समरूपता]

प्रश्न 35. आकृति में यदि PQ ∥ RS तो सिद्ध करें कि ΔPOQ ~ ΔSOR. (M. Q., Set–III : 2015)



हल : आकृति में,

∵ PQ ∥ RS

∴ ∠OPQ = ∠OSR एवं ∠OQP = ∠ORS


∴ ΔPOQ ~ ΔROS (AA) Proved.

प्रश्न 36. यदि किसी त्रिभुज में एक कोण का समद्विभाजक सम्मुख भुजा को समद्विभाजित करता है, तो सिद्ध कीजिए कि त्रिभुज समद्विबाहु है। (M. Q., Set–V : 2011, M. Q. Set–IV : 2015)

हल : दिया है : ΔABC में, AD, ∠A का समद्विभाजक है तथा BD = DC

सिद्ध करना है :

ΔABC समद्विबाहु त्रिभुज है अर्थात् AB = AC



उपपत्ति : $\frac{AB}{AC} = \frac{BD}{DC}$


{AD, ∠A का समद्विभाजक है}

परन्तु BD = DC

∴ $\frac{AB}{AC} = 1$ या AB = AC यही सिद्ध करना था।

प्रश्न 37. ABC एक समद्विबाहु त्रिभुज है जिसका कोण C समकोण है। सिद्ध कीजिए कि $AB^2 = 2AC^2$ है। (2011A, M. Q., Set–V : 2015, 2015A, 2017A)

हल : दिया है : ΔABC एक समद्विबाहु त्रिभुज है जिसका कोण C समकोण है।



सिद्ध करना है : $AB^2 = 2AC^2$.

उपपत्ति : ΔACB में,

∠C = 90°, AC = BC (दिया है)

$AB^2 = AC^2 + BC^2$ [पाइथागोरस प्रमेय से]

$= AC^2 + AC^2$ [BC = AC]


$AB^2 = 2AC^2$ Proved.

प्रश्न 38. एक त्रिभुज ABC की भुजा BC पर एक बिन्दु D इस प्रकार स्थित है कि ∠ADC = ∠BAC तो दिखाइए कि $CA^2 = CB \cdot CD$ है। (2011A, M. Q., Set–I : 2016, 2016A)

हल : सिद्ध करना है :

$AC^2 = BC \times CD$

उपपत्ति :



ΔACB और ΔDCA में

∠BAC = ∠ADC (दिया है)

∠ACB = ∠ACD (उभयनिष्ठ)

∴ Δ ABC ~ ΔADC


(कोण-कोण समरूपता)

∴ $\frac{BC}{AC} = \frac{AB}{AD} = \frac{AC}{DC} \Rightarrow \frac{BC}{AC} = \frac{AC}{DC}$

$\Rightarrow AC^2 = BC \times CD$, यही सिद्ध करना था।

प्रश्न 39. ABC एक समद्विबाहु त्रिभुज है जिसमें AC = BC है। यदि $AB^2 = 2AC^2$ है, तो सिद्ध कीजिए कि ABC एक समकोण त्रिभुज है।
(2014A, M. Q., Set–IV : 2016)

हल : दिया है : ΔABC एक समद्विबाहु त्रिभुज है जिसकी भुजा AC = BC है।
$AB^2 = 2AC^2$



सिद्ध करना है : ΔABC एक समकोण त्रिभुज है।


उपपत्ति : $AB^2 = 2AC^2$ (दिया है)

$AB^2 = AC^2 + AC^2$

या, $AB^2 = AC^2 + BC^2$ [AC = BC]

∴ पाइथागोरस प्रमेय के विलोम से,
ΔABC समकोण त्रिभुज है। **Proved.**

प्रश्न 40. आकृति में यदि LM ∥ CB और LN ∥ CD हो, तो सिद्ध कीजिए कि $\frac{AM}{AB} = \frac{AN}{AD}$ है।



हल : ΔABC में,
ML ∥ BC (दिया है)

∴ $\frac{AM}{MB} = \frac{AL}{LC}$ ... (1) (आधारभूत आनुपातिकता प्रमेय से)

पुनः ΔACD में,
LN ∥ CD (दिया है)

∴ $\frac{AN}{ND} = \frac{AL}{LC}$ ... (2)
(आधारभूत आनुपातिक प्रमेय से)

समीकरण (1) और (2) से,

$\frac{AM}{MB} = \frac{AN}{ND}$

या, $\frac{MB}{AM} + 1 = \frac{ND}{AN} + 1$

या, $\frac{AB}{AM} = \frac{AD}{AN}$

या, $\frac{MB}{AM} = \frac{ND}{AN}$

या, $\frac{MB + AM}{AM} = \frac{ND + AN}{AN}$

अतः $\frac{AM}{AB} = \frac{AN}{AD}$ **Proved.**

प्रश्न 41. ΔABC एक समबाहु Δ है जिसकी प्रत्येक भुजा a cm है, तो सिद्ध करें कि त्रिभुज का क्षेत्रफल = $\frac{\sqrt{3}}{4}a^2$ होगी।
(M. Q., Set–II : 2015, 2015A)


हल : ABC एक समबाहु Δ है तो सिद्ध करना है कि $\text{ar}\,\Delta(ABC) = \frac{\sqrt{3}}{4}a^2$

AD ⊥ BC खींचा, ΔABD में

$AD^2 = AB^2 - BD^2$


$= a^2 - \frac{a^2}{4} = \frac{4a^2 - a^2}{4} = \frac{3a^2}{4}$

∴ $AD = \sqrt{\frac{3a^2}{4}} = \frac{a\sqrt{3}}{2}$



∴ समबाहु Δ ABC का क्षेत्रफल = $\frac{1}{2}.a.\frac{a\sqrt{3}}{2} = \frac{\sqrt{3}}{4}a^2$. **Proved.**

प्रश्न 42. आकृति में DE ∥ OQ और DF ∥ OR है। दर्शाइए कि EF ∥ QR है।




हल : दिया है : ΔPQR में,
DE ∥ OQ और DF ∥ OR.

सिद्ध करना है : EF ∥ QR.

उपपत्ति : ΔPQO में,
ED ∥ QO (दिया है)

∴ $\frac{PD}{DO} = \frac{PE}{EQ}$ ...(1)



[आधारभूत समानुपातिकता प्रमेय से]

पुनः ΔPOR में,
DF ∥ OR (दिया है)


∴ $\frac{PD}{DO} = \frac{PF}{FR}$. ...(2)
[आधारभूत समानुपातिकता प्रमेय से]

समीकरण (1) और (2) से,

$\frac{PE}{EQ} = \frac{PF}{FR}$.

ΔPQR में, आधारभूत समानुपातिकता प्रमेय के विलोम से,
EF ∥ QR. **Proved.**

प्रश्न 43. आकृति में, ΔODC ~ ΔOBA, ∠BOC = 125° और ∠CDO = 70° है। ∠DOC, ∠DCO और ∠OAB ज्ञात कीजिए।
(M. Q., Set–II : 2016)



हल : ∠BOC = 125°, ∠CDO = 70°

∵ DOB एक सरल रेखा है।

∴ ∠DOC + ∠COB = 180°

∠DOC + 125° = 180°

∠DOC = 180 – 125 = 55°

∠DOC = ∠AOB = 55° [शीर्षाभिमुख कोण]

∵ ΔODC ~ ΔOBA (दिया है)

∴ ∠D = ∠B = 70°

ΔDOC में,

∠D + ∠O + ∠C = 180° 70° + 55° + ∠C = 180°

∠C = 180° – 70° – 55° ∠C = 55°

∠C = ∠A = 55° अतः ∠DOC = 55°

∠DCO = 55° ∴ ∠OAB = 55° उत्तर।

प्रश्न 44. एक समबाहु त्रिभुज ABC की भुजा a है। उसके प्रत्येक शीर्ष लंब की लंबाई ज्ञात कीजिए। (2015A)

अथवा, समबाहु ΔABC की प्रत्येक भुजा a इकाई है, तो सिद्ध करें कि त्रिभुज का शीर्ष लम्ब $\frac{\sqrt{3}}{2}a$ होगा। (2017A)


हल : ΔABC में ;

$AB = BC = CA = a$

तथा $AD \perp BC$

$\therefore \quad AD = \sqrt{(a)^2 - \left(\frac{a}{2}\right)^2} = \sqrt{\frac{4a^2 - a^2}{4}}$

$= \sqrt{3a^2/4} = \sqrt{3}a/2.$



प्रश्न 45. एक समकोण त्रिभुज की ऊँचाई आधार से 7 सेमी० कम है। यदि कर्ण 13 सेमी० का हो तो अन्य दो भुजाओं का मान ज्ञात करें। (2017A)

हल : माना कि आधार = x cm

तब, प्रश्न से, ऊँचाई = (x – 7)

कर्ण = 13 cm

अत: पाइथागोरस सूत्र से,

$\because \quad (\text{कर्ण})^2 = (\text{ऊँचाई})^2 + (\text{आधार})^2$

$\Rightarrow \quad (13)^2 = (x-7)^2 + x^2$

$\Rightarrow \quad x^2 - 14x + 49 + x^2 - 169 = 0$

$\Rightarrow \quad 2x^2 - 14x - 120 = 0$

$\Rightarrow \quad x^2 - 7x - 60 = 0$

अत: अभीष्ट समीकरण $x^2 - 7x - 60 = 0$ है।

हल करने पर,

$x^2 - 12x + 5x - 60 = 0$


$\Rightarrow \quad x(x-12) + 5(x-12) = 0$

$\Rightarrow \quad (x+5)(x-12) = 0$

चूँकि $x = -5$ संभव नहीं है। अत: $x = 12$

अर्थात् आधार = 12 cm., ऊँचाई = 12 – 7 = 5 cm. उत्तर।

प्रश्न 46. आकृति में, यदि $\Delta ABE \cong \Delta ACD$ है, तो दर्शाइए कि $\Delta ADE \sim \Delta ABC$ है।



दिया है : $\Delta ABE \cong \Delta ACD$ है।

सिद्ध करना है : $\Delta ADE \sim \Delta ABC$

उपपत्ति : $\Delta ABE \cong \Delta ACD$ (दिया है)

$AB = AC$ (सर्वांगसम त्रिभुजों के संगत भाग)

और $AE = AD$

$\frac{AB}{AC} = 1 \quad \ldots (1)$

$\frac{AE}{AD} = 1 \quad \ldots (2)$

समीकरण (1) और (2) से, $\frac{AB}{AC} = \frac{AE}{AD}$


ΔADE और ΔABC में, $\frac{AD}{AE} = \frac{AB}{AC}$

$\angle A = \angle A$ (उभयनिष्ठ)

$\therefore \quad \Delta ADE \sim \Delta ABC$ [SAS समरूपता कटौती से] **Proved.**

प्रश्न 47. समलंब ABCD, जिसमें AB || DC है, विकर्ण AC और BD परस्पर O पर प्रतिच्छेद करते हैं। दो त्रिभुजों की समरूपता कसौटी का प्रयोग करते हुए, दर्शाइए कि $\frac{OA}{OC} = \frac{OB}{OD}$ है। (2012A, 2013A)

हल : दिया है : समलंब चतुर्भुज ABCD जिसमें AB || CD है और विकर्ण AC तथा BD परस्पर O पर प्रतिच्छेद करते हैं।



सिद्ध करना है : $\frac{AO}{OC} = \frac{OB}{OD}$

उपपत्ति : AB || DC

ΔDOC और ΔBOA में,

$\angle 1 = \angle 2$ (एकांतर कोण)

$\angle 5 = \angle 6$ (शीर्षाभिमुख कोण)

$\angle 3 = \angle 4$ (एकांतर कोण)

$\therefore \quad \Delta DOC \sim \Delta BOA$ [AAA समरूपता कसौटी]


$\therefore \quad \frac{DO}{BO} = \frac{OC}{OA}$ [यदि दो त्रिभुज समरूप हों, तो संगत भुजाएँ समानुपाती होती हैं।]

$\Rightarrow \quad \frac{OA}{OC} = \frac{OB}{OD}$ **Proved.**

प्रश्न 48. आकृति में, ABC और AMP दो समकोण त्रिभुज हैं, जिनके कोण B और M समकोण हैं। सिद्ध कीजिए कि :

(i) $\Delta ABC \sim \Delta AMP$

(ii) $\frac{CA}{PA} = \frac{BC}{MP}$.



हल : दिया है : ΔABC और ΔAMP दो समकोण त्रिभुज हैं, जिनके कोण B और M समकोण हैं।

सिद्ध करना है : (i) $\Delta ABC \sim \Delta AMP$ (ii) $\frac{CA}{PA} = \frac{BC}{MP}$

उपपत्ति : ΔABC और ΔAMP में,

$\angle A = \angle A$ (उभयनिष्ठ)

$\angle B = \angle M$ (प्रत्येक 90°)

$\therefore \quad \Delta ABC \sim \Delta AMP$ (AA समरूपता)

$\therefore \quad \frac{AC}{AP} = \frac{BC}{MP}$ [यदि दो त्रिभुज समरूप हों, तो संगत भुजाएँ समानुपाती होती हैं]


अर्थात् $\frac{CA}{PA} = \frac{BC}{MP}$ **Proved.**

प्रश्न 49. त्रिभुज ABC में, $\angle A = 90°$ है। यदि $AD \perp BC$ हो, तो सिद्ध कीजिए कि $AB^2 + CD^2 = BD^2 + AC^2$ है।

(M. Q., Set–V : 2011, 2014A)

हल : सिद्ध करना है :

$AB^2 + CD^2 = BD^2 + AC^2$




उपपत्ति : $AD^2 = AC^2 - CD^2$, समकोण ΔADC में

$AD^2 = AB^2 - DB^2$, समकोण ΔBDA में

$\therefore \quad AB^2 - DB^2 = AC^2 - CD^2$

या, $AB^2 + CD^2 = AC^2 + BD^2$. **Proved.**

प्रश्न 50. AD और PM त्रिभुजों ABC और PQR की क्रमशः माध्यिकाएँ हैं, जबकि $\Delta ABC \sim \Delta PQR$ है। सिद्ध कीजिए कि $\frac{AB}{PQ} = \frac{AD}{PM}$ है।



हल : दिया है : ΔABC और ΔPQR की AD और PM माध्यिकाएँ हैं तथा $\Delta ABC \sim \Delta PQR$ है।

सिद्ध करना है : $\frac{AB}{PQ} = \frac{AD}{PM}$

उपपत्ति : $\Delta ABC \sim \Delta PQR$ (दिया है)

$\therefore \frac{AB}{PQ} = \frac{BC}{QR} = \frac{AC}{PR}$ {यदि दो त्रिभुज समरूप हैं तो उनकी संगत भुजाएँ समानुपाती होती हैं।}

$\angle A = \angle P$ {यदि दो त्रिभुजें समरूप हैं, तो उनके संगत कोण बराबर होते हैं।}

$\angle B = \angle Q$

$\angle C = \angle R$

D, BC का मध्य बिंदु है।

$\therefore BD = DC = \frac{1}{2}BC$ ... (1)

M, QR का मध्य बिंदु है।

$\therefore QM = MR = \frac{1}{2}QR$ ... (2)

$\frac{AB}{PQ} = \frac{BC}{QR}$

$\frac{AB}{PQ} = \frac{2BD}{2QM}$ [समीकरण (1) और (2) से]

$\frac{AB}{PQ} = \frac{BD}{QM}$

$\angle ABD = \angle PQM$ (दिया है)

$\Delta ABD \sim \Delta PQM$ (SAS समरूपता कसौटी से)

$\therefore \frac{AB}{PQ} = \frac{AD}{PM}$ **Proved.** {यदि दो त्रिभुज समरूप हैं तो उनकी संगत भुजाएँ समानुपाती होती हैं।}

प्रश्न 51. किसी समबाहु त्रिभुज में, सिद्ध कीजिए कि उसकी एक भुजा के वर्ग का तिगुना उसके एक शीर्षलंब के वर्ग के चार गुने के बराबर होता है। (M. Q., Set-II : 2016)

हल : दिया है : ΔABC एक समबाहु Δ है जिसमें $AB = BC = AC$

$AD \perp BC$


सिद्ध करना है : $3AB^2 = 4AD^2$

उपपत्ति : ΔABC में,

मान लीजिए $AB = BC = AC = 2a$

$AD \perp BC$

$\therefore BD = DC = BC = a$



समकोण त्रिभुज ABD में,

$AB^2 = AD^2 + BD^2$


$(2a)^2 = AD^2 + (a)^2$; $4a^2 = AD^2 + a^2$;

$4a^2 - a^2 = AD^2$; $AD^2 = 3a^2 = 3\left[\frac{AB}{2}\right]^2$

$AD^2 = 3\frac{AB^2}{4}$; $3AB^2 = 4AD^2$. **Proved.**

प्रश्न 52. एक समलंब ABCD में $AB \parallel DC$ है, इसके विकर्ण परस्पर बिंदु O पर प्रतिच्छेद करते हैं। यदि $AB = 2CD$ हो, तो त्रिभुजों AOB और COD के क्षेत्रफलों का अनुपात ज्ञात कीजिए।

हल : ABCD एक समलंब चतुर्भुज है जिसमें $AB \parallel DC$ है, इसके विकर्ण AC और BD परस्पर बिंदु O पर प्रतिच्छेद करते हैं। $AB = 2CD$ है।



ΔAOB और ΔCOD में,

$\angle 1 = \angle 2$ (एकांतर कोण)

$\angle 3 = \angle 4$ (एकांतर कोण)

$\angle 5 = \angle 6$ (शीर्षाभिमुख कोण)

$\therefore \Delta AOB \sim \Delta COD$

$\frac{\text{क्षे. } (\Delta AOB)}{\text{क्षे. } (\Delta COD)} = \frac{AB^2}{CD^2}$ {यदि दो त्रिभुज समरूप हों, तो उनके क्षेत्रफलों का अनुपात उनकी संगत भुजाओं के अनुपात का वर्ग होता है।}

$= \frac{(2CD)^2}{CD^2} = \frac{4CD^2}{CD^2} = \frac{4}{1}$

$\therefore$ वांछित क्षे॰ ΔAOB और क्षे॰ ΔCOD का अनुपात $= 4 : 1$. **Proved.**


प्रश्न 53. ABD एक समकोण त्रिभुज है जिसका कोण A समकोण है तथा $AC \perp BD$ है, तो दर्शाइए कि $AB^2 = BC \cdot BD$. (2013A)

हल : ΔDAB और ΔDCA में,

$\angle D = \angle D$ (उभयनिष्ठ)

$\angle A = \angle C$ (प्रत्येक 90°)

$\therefore \Delta DAB \sim \Delta DCA$ [AA समरूपता] ... (1)



ΔDAB और ΔACB में,

$\angle B = \angle B$ (उभयनिष्ठ)

$\angle A = \angle C$ (प्रत्येक 90°)

$\therefore \Delta DAB \sim \Delta ACB$ ... (2)

समीकरण (1) और (2) से,

$\Delta DAB \sim \Delta ACB \sim \Delta DCA$.

$\therefore \Delta ACB \sim \Delta DAB$ (प्रमाणित)

$\therefore \frac{\text{क्षे॰}(\Delta ACB)}{\text{क्षे॰}(\Delta DAB)} = \frac{AB^2}{DB^2}$ [यदि दो त्रिभुज समरूप हैं, तो उनके क्षेत्रफलों का अनुपात उनकी संगत भुजाओं के वर्गों के अनुपात के बराबर होता है।]

$\frac{\frac{1}{2}BC \times AC}{\frac{1}{2}DB \times AC} = \frac{AB^2}{DB^2}$


$\left[\because \text{त्रिभुज का क्षेत्रफल} = \frac{1}{2} \text{ आधार} \times \text{शीर्षलम्ब}\right]$

$BC = \frac{AB^2}{BD}$ $\therefore \boxed{AB^2 = BC \times BD.}$ **Proved.**

प्रश्न 54. किसी त्रिभुज ABC के शीर्ष A से BC पर डाला गया लम्ब BC को बिंदु D पर इस प्रकार प्रतिच्छेद करता है कि DB = 3CD है। (देखिए आकृति) सिद्ध कीजिए कि $2AB^2 = 2AC^2 + BC^2$ है।

हल : दिया है : ΔABC में, AD ⊥ BC और BD = 3CD है।

सिद्ध करना है : $2AB^2 = 2AC^2 + BC^2$.



उपपत्ति : समकोण त्रिभुज ADB और ADC में,

$AB^2 = AD^2 + BD^2$; $AC^2 = AD^2 + DC^2$ [पाइथागोरस प्रमेय से]

$\therefore \quad AB^2 - AC^2 = BD^2 - DC^2 = 9CD^2 - CD^2 \quad [\because BD = 3CD]$


$$= 8CD^2 = 8\left(\frac{BC}{4}\right)^2 \qquad \left[\begin{array}{l}\because\ BC = BD + CD \\ \qquad = 3CD + CD \\ \qquad = 4CD \\ \therefore\ CD = \frac{1}{4}BC\end{array}\right]$$

$$\therefore \quad AB^2 - AC^2 = \frac{BC^2}{2} \quad \Rightarrow \quad 2(AB^2 - AC^2) = BC^2$$

$\Rightarrow \quad 2AB^2 - 2AC^2 = BC^2 \quad \therefore \quad 2AB^2 = 2AC^2 + BC^2$. Proved.

प्रश्न 55. दी गई आकृति में $\frac{PS}{SQ} = \frac{PT}{TR}$ है तथा ∠PST = ∠PRQ है तो सिद्ध करें कि ΔPQR एक समद्विबाहु Δ है।

(M. Q., Set–I : 2011)



हल : $\because \quad \frac{PS}{SQ} = \frac{PT}{TR}$ (दिया है)

$\therefore \quad ST \parallel QR \quad \Rightarrow \quad \angle PST = \angle PQR$

परन्तु ∠PST = ∠PRQ (दिया गया है)

$\therefore \quad \angle PQR = \angle PRQ$


$\therefore \quad PQ = PR$ (समान कोण की सम्मुख भुजा समान होती है)

अत: PQR एक समद्विबाहु Δ है।

प्रश्न 56. यदि अधिककोण त्रिभुज में ∠ABC > 90° और AD, CB के बढ़ाये हुए भाग पर लम्ब हो तो सिद्ध करें कि $AC^2 = AB^2 + BC^2 + 2BC.BD$.

(M. Q., Set–II : 2011)

हल :



सिद्ध करना है : $AC^2 = AB^2 + BC^2 + 2BC.BD$

Δ ADC एक समकोण त्रिभुज है जिसका ∠D समकोण है

$\therefore \quad AC^2 = AD^2 + DC^2$

$\Rightarrow \quad AC^2 = AD^2 + (BD + BC)^2 = AD^2 + DB^2 + BC^2 + 2DB.BC$...(1)


$\{\because AB^2 = AD^2 + DB^2\}$ ...(2)

$\therefore \quad AC^2 = AB^2 + BC^2 + 2BC.BD$ Proved.

प्रश्न 57. किसी समबाहु त्रिभुज ABC की भुजा BC पर एक बिंदु D इस प्रकार स्थित है कि $BD = \frac{1}{3}BC$ है। सिद्ध कीजिए कि $9AD^2 = 7AB^2$ है।

हल : दिया है : समबाहु त्रिभुज ABC की भुजा BC पर एक बिंदु D इस प्रकार स्थित है कि

$$BD = \frac{1}{3}BC.$$



सिद्ध करना है : $9AD^2 = 7AB^2$.

रचना : AM ⊥ BC.

उपपत्ति : ΔAMB ≅ ΔAMC [R.H.S. नियम से क्योंकि AM = AM और AB = AC]

$\therefore \quad BM = MC = \frac{1}{2}BC \qquad$ पुन: $BD = \frac{1}{3}BC$

और $DC = \frac{2}{3}BC \qquad (\because$ BC, D पर तीन भागों में विभाजित है)

अब ΔADC में, ∠C न्यून कोण है।

$\therefore \quad AD^2 = AC^2 + DC^2 - 2DC \times MC$

$$= AC^2 + \left(\frac{2}{3}BC\right)^2 - 2\left(\frac{2}{3}BC\right)\frac{1}{2}BC$$

$$\left[\because DC = \frac{2}{3}BC \text{ और } MC \quad \frac{1}{2}BC\right]$$

$$= AB^2 + \frac{4}{9}AB^2 - \frac{2}{3}AB^2 \qquad [\because AC = BC = AB]$$


$$= \left(1 + \frac{4}{9} - \frac{2}{3}\right)AB^2 = \left(\frac{9+4-6}{9}\right)AB^2 = \frac{7}{9}AB^2$$

$\therefore \quad AD^2 = \frac{7}{9}AB^2 \quad \Rightarrow 9AD^2 = 7AB^2$ Proved.

प्रश्न 58. एक चतुर्भुज ABCD के विकर्ण परस्पर बिंदु O पर इस प्रकार प्रतिच्छेद करते हैं कि $\frac{AO}{BO} = \frac{CO}{DO}$ है। दर्शाइए कि ABCD एक समलंब है।

(M. Q., Set–III : 2011)

हल : दिया है : चतुर्भुज ABCD में विकर्ण AC और BD परस्पर बिंदु O पर इस प्रकार प्रतिच्छेद करते हैं कि $\frac{AO}{BO} = \frac{CO}{DO}$ है।



सिद्ध करना है : चतुर्भुज ABCD एक समलंब चतुर्भुज है।

रचना : O से रेखा EO ∥ AB खींचिए, जो AD को E पर मिलती है।

उपपत्ति : ΔDAB में,

$EO \parallel AB \qquad \therefore \quad \frac{DE}{EA} = \frac{DO}{OB}$ ...(1)

[आधारभूत समानुपातिकता प्रमेय के प्रयोग से]

परंतु $\frac{AO}{BO} = \frac{CO}{DO}$ (दिया है)

या, $\frac{AO}{CO} = \frac{BO}{DO} \qquad$ या; $\frac{CO}{AO} = \frac{DO}{BO}$

$\Rightarrow \quad \frac{DO}{OB} = \frac{CO}{AO}$ ...(2)

समीकरण (1) और (2) से, $\frac{DE}{EA} = \frac{CO}{AO}$


$\therefore$ आधारभूत समानुपातिकता प्रमेय के प्रयोग से, EO ∥ DC

साथ ही, EO ∥ AB $\quad \Rightarrow \quad$ AB ∥ DC

$\therefore$ चतुर्भुज ABCD एक समलंब चतुर्भुज है, जिसमें AB ∥ CD. Proved.

प्रश्न 59. सिद्ध करें कि समलम्ब चतुर्भुज के दोनों विकर्ण एक-दूसरे को समानुपाती खण्डों में विभाजित करते हैं। (M. Q., Set–II : 2011)

हल : समलम्ब चतुर्भुज $ABCD$ के विकर्ण AC तथा BD एक-दूसरे को बिन्दु O पर प्रतिच्छेद करते हैं।



सिद्ध करना है कि $\frac{AO}{OC} = \frac{BO}{OD}$

O से $OE \parallel AB$ खींचा जो BC को बिन्दु E पर मिलती है।

ΔCAB में, $OE \parallel AB$

$\therefore \quad \frac{AO}{OC} = \frac{BE}{EC}$ ...(1) {आधारभूत आनुपातिक प्रमेय}


ΔBCD में, $OE \parallel DC$

$\therefore \quad \frac{BO}{OD} = \frac{BE}{EC}$ ...(2)


अतः (1) और (2) से,

$\frac{AO}{OC} \quad \frac{BO}{OD}$. **Proved.**

प्रश्न 60. आकृति में एक ही आधार BC पर दो त्रिभुज ABC और DBC बने हुए हैं। यदि AD, BC को O पर प्रतिच्छेद करें, तो दर्शाइए कि $\frac{\text{क्षे.}(\Delta ABC)}{\text{क्षे.}(\Delta DBC)} = \frac{AO}{DO}$ है।



हल : दिया है : ΔABC और ΔDBC एक ही आधार BC पर बने हुए हैं। AD, BC को O पर प्रतिच्छेद करता है।



सिद्ध करना है : $\frac{\text{क्षे॰}(\Delta ABC)}{\text{क्षे॰}(\Delta DBC)} = \frac{AO}{DO}$

रचना : $AL \perp BC$, $DM \perp BC$ खींचिए।

उपपत्ति : ΔALO और ΔDMO में,

$\angle 1 = \angle 2$ (शीर्षाभिमुख कोण)

$\angle L = \angle M$ (प्रत्येक 90°)

$\therefore \quad \Delta ALO \sim \Delta DMO$ [AA समरूपता कसौटी]

$\therefore \quad \frac{AL}{DM} = \frac{AO}{DO}$ {यदि दो त्रिभुज समरूप हों, तो संगत भुजाएँ समानुपाती होती हैं।}

$$\frac{\text{क्षे॰}(\Delta ABC)}{\text{क्षे॰}(\Delta DBC)} = \frac{\frac{1}{2} \times BC \times AL}{\frac{1}{2} \times BC \times DM}$$

$$\frac{\text{क्षे॰}(\Delta ABC)}{\text{क्षे॰}(\Delta DBC)} = \frac{AL}{DM}$$


$$\frac{\text{क्षे॰}(\Delta ABC)}{\text{क्षे॰}(\Delta DBC)} = \frac{AO}{DO} \left[\frac{AL}{DM} = \frac{AO}{DO}\right]$$ **Proved.**

प्रश्न 61. आकृति में, ABD एक समकोण त्रिभुज है जिसका कोण A समकोण है तथा $AC \perp BD$ है। दर्शाइए कि

(i) $AB^2 = BC.BD$

(ii) $AC^2 = BC.DC$

(iii) $AD^2 = BD.CD$.



हल : ΔDAB और ΔDCA में,

$\angle D = \angle D$ (उभयनिष्ठ)

$\angle A = \angle C$ (प्रत्येक 90°)

$\therefore \quad \Delta DAB \sim \Delta DCA$ [AA समरूपता] ... (1)

ΔDAB और ΔACB में,

$\angle B = \angle B$ (उभयनिष्ठ)

$\angle A = \angle C$ (प्रत्येक 90°)

$\therefore \quad \Delta DAB \sim \Delta ACB$ ... (2)

(1) और (2) से,

$\Delta DAB \sim \Delta ACB \sim \Delta DCA$.

(i) $\Delta ACB \sim \Delta DAB$ (प्रमाणित)

$\therefore \quad \frac{\text{क्षे॰}(\Delta ACB)}{\text{क्षे॰}(\Delta DAB)} = \frac{AB^2}{DB^2}$ [यदि दो त्रिभुज समरूप हैं, तो उनके क्षेत्रफलों का अनुपात उनकी संगत भुजाओं के वर्गों के अनुपात के बराबर होता है।]

$$\frac{\frac{1}{2} BC \times AC}{\frac{1}{2} DB \times AC} = \frac{AB^2}{DB^2}$$

$\left[\because \text{त्रिभुज का क्षेत्रफल} = \frac{1}{2} \times \text{आधार} \times \text{शीर्षलम्ब}\right]$

$$BC = \frac{AB^2}{BD}$$

$\therefore \quad \boxed{AB^2 = BC \times BD.}$ **Proved.**

(ii) $\Delta ACB \sim \Delta DCA$ (प्रमाणित)

$\frac{\text{क्षे॰}(\Delta ACB)}{\text{क्षे॰}(\Delta DCA)} = \frac{AC^2}{DC^2}$ [यदि दो त्रिभुज समरूप हों, तो उनके क्षेत्रफलों का अनुपात संगत भुजाओं के अनुपात के वर्ग बराबर होता है।]

$$\frac{\frac{1}{2} BC \times AC}{\frac{1}{2} DC \times AC} = \frac{AC^2}{DC^2}$$

$\left[\because \text{त्रिभुज का क्षेत्रफल} = \frac{1}{2} \text{ आधार} \times \text{शीर्षलम्ब}\right]$

$$BC = \frac{AC^2}{DC}$$

$\therefore \quad \boxed{AC^2 = BC \times DC.}$ **Proved.**

(iii) $\Delta DAB \sim \Delta DCA$ (प्रमाणित)


$\frac{\text{क्षे॰}(\Delta DAB)}{\text{क्षे॰}(\Delta DCA)} = \frac{DA^2}{DB^2}$ [यदि दो त्रिभुज समरूप हों, तो उनके क्षेत्रफलों का अनुपात संगत भुजाओं के अनुपात के वर्ग के बराबर होता है।]

$$\frac{\frac{1}{2} CD \times AC}{\frac{1}{2} BD \times AC} = \frac{AD^2}{BD^2}; \qquad CD = \frac{AD^2}{BD}$$

$\therefore \quad \boxed{AD^2 = BD \times CD.}$ **Proved.**

प्रश्न 62. आकृति में, ΔABC के शीर्षलंब AD और CE परस्पर बिंदु P पर प्रतिच्छेद करते हैं। दर्शाइए कि :

(i) $\Delta AEP \sim \Delta CDP$
(ii) $\Delta ABD \sim \Delta CBE$
(iii) $\Delta AEP \sim \Delta ADB$
(iv) $\Delta PDC \sim \Delta BEC$.



हल : दिया है : ΔABC में,
$AD \perp BC$ और $CE \perp AB$

सिद्ध करना है : (i) $\Delta AEP \sim \Delta CDP$
(ii) $\Delta ABD \sim \Delta CBE$
(iii) $\Delta AEP \sim \Delta ADB$
(iv) $\Delta PDC \sim \Delta BEC$

उपपत्ति : (i) ΔAEP और ΔCDP में,
$\angle E = \angle D$ (प्रत्येक 90°)
$\angle APE = \angle CPD$ (शीर्षाभिमुख कोण)
$\therefore \Delta AEP \sim \Delta CDP$ [AA समरूपता कसौटी]


(ii) ΔABD और ΔCBE में,
$\angle D = \angle E$ (प्रत्येक 90°)
$\angle B = \angle B$ (उभयनिष्ठ)
$\therefore \Delta ABD \sim \Delta CBE$ [AA समरूपता कसौटी]

(iii) ΔAEP और ΔADB में,
$\angle E = \angle D$ (प्रत्येक 90°)
$\angle A = \angle A$ (उभयनिष्ठ)
$\therefore \Delta AEP \sim \Delta ADB$ [AA समरूपता कसौटी]

(iv) ΔPDC और ΔBEC में,
$\angle C = \angle C$ (उभयनिष्ठ)
$\angle D = \angle E$ (प्रत्येक 90°)
$\therefore \Delta PDC \sim \Delta BEC$ Proved. [AA समरूपता कसौटी]

प्रश्न 63. एक त्रिभुज ABC की भुजाएँ AB, BC और CA के मध्य-बिंदु क्रमशः D, E और F हैं। ΔDEF और ΔABC के क्षेत्रफलों का अनुपात ज्ञात कीजिए।

हल :



दिया है : एक ΔABC की भुजाएँ AB, BC और CA के मध्य-बिंदु क्रमशः D, E और F हैं।

अभीष्ट : क्षे० (ΔDEF) : क्षे० (ΔABC) ज्ञात करना।

उपपत्ति : ΔABC में,
F, AB का मध्य-बिंदु है।... (दिया है)
E, AC का मध्य-बिंदु है।.... (दिया है)
इसलिए मध्य-बिंदु प्रमेय से,

$$FE \parallel BC \text{ और } FE = \frac{1}{2} BC$$

$$\Rightarrow FE \parallel BD \text{ और } FE = BD \left[\because BD = \frac{1}{2} BC\right]$$

$\therefore$ BDEF एक समांतर चतुर्भुज है।
($\because$ सम्मुख भुजाएँ समांतर और समान हैं।)

त्रिभुज FBD और DEF में,
$FB = DE$ (||gm BDEF की सम्मुख भुजाएँ)
$FD = FD$ (उभयनिष्ठ)
$BD = FE$ (||gm BDEF की सम्मुख भुजाएँ)
$\therefore \Delta FBD \cong \Delta DEF$ (SSS सर्वांगसमता प्रयोग)

इसी प्रकार, हम सिद्ध कर सकते हैं कि
$\Delta AFE \cong \Delta DEF$ और $\Delta EDC \cong \Delta DEF$

यदि त्रिभुज सर्वांगसम हों, तो वे क्षेत्रफल में बराबर होती हैं।

$\therefore$ क्षे० (ΔFBD) = क्षे० (ΔDEF) ...(1)
क्षे० (ΔAFE) = क्षे० (ΔDEF) ...(2)
क्षे० (ΔEDC) = क्षे० (ΔDEF) ...(3)

अब क्षे० (ΔABC) = क्षे० (ΔFBD) + क्षे० (ΔDEF) + क्षे० (ΔAFE) + क्षे० (ΔEDC)
= क्षे० (ΔDEF) + क्षे० (ΔDEF) + क्षे० (ΔDEF) + क्षे० (ΔDEF)
[(1), (2) और (3) का प्रयोग करने पर]
= 4 क्षे० (ΔDEF)

$$\Rightarrow \text{क्षे० } (\Delta DEF) = \frac{1}{4} \text{ क्षे० } (\Delta ABC)$$


$$\Rightarrow \frac{\text{क्षे० } (\Delta DEF)}{\text{क्षे० } (\Delta ABC)} = \frac{1}{4}$$

$\therefore$ क्षे० (ΔDEF) : क्षे० (ΔABC) = 1 : 4 Proved.

प्रश्न 64. यदि ΔXYZ का क्षेत्रफल 32 वर्ग सेमी, $\frac{XP}{PY} = \frac{XQ}{QZ} = 3$ तो चतुर्भुज YZPQ का क्षेत्रफल ज्ञात करें। (2011C)

हल : प्रश्नानुसार दिया हुआ है कि
ΔXYZ का क्षे० = 32 वर्ग सेमी

$$\frac{XP}{PY} = \frac{XQ}{QZ} = 3$$



अतः $PQ \parallel YZ$ है (थेल्स प्रमेय के विलोम से)
ΔXPQ तथा ΔXYZ में
$\angle X = \angle X$ (उभयनिष्ठ होने के कारण)
$\angle XPQ = \angle XYZ$ (संगत कोण)
$\therefore$ कोण - कोण समरूपता से, $\Delta XPQ \sim \Delta XYZ$

$$\therefore \frac{\Delta XPQ \text{ का क्षे०}}{XYZ \text{ का क्षे०}} = \frac{XP^2}{XY^2} \quad \text{(समरूप त्रिभुज के क्षे० का अनुपात से)}$$

$$= \frac{3^2}{4^2} = \frac{9}{16}$$


$$\therefore \Delta XPQ \text{ का क्षे०} = \frac{9}{16} \times \Delta XYZ \text{ का क्षे०} = \frac{9}{16} \times 32$$
= 18 वर्ग सेमी०

अतः चतुर्भुज YZQP का क्षे० = 32 – 18 = 14 वर्ग सेमी० उत्तर।

प्रश्न 65. यदि ΔABC में $AD \perp BC$ है, तो सिद्ध करें कि $AB^2 - AC^2 = BD^2 - CD^2$. (2014C)

अथवा, $AB^2 - BD^2 = AC^2 - CD^2$. (M.Q., Set- V : 2016)


हल : समकोण ΔABD में,
$BD^2 = AB^2 - AD^2$ ...(i)
पुनः समकोण ΔADC में,
$CD^2 = AC^2 - AD^2$ ...(ii)
(i) में (ii) को घटाने पर,
$BD^2 - CD^2$
$= (AB^2 - AD^2) - (AC^2 - AD^2)$
$= AB^2 - AD^2 - AC^2 + AD^2 = AB^2 - AC^2$



या, $AB^2 - AC^2 = BD^2 - CD^2$ Proved.

प्रश्न 66. सिद्ध कीजिए कि यदि किसी त्रिभुज की एक भुजा का वर्ग अन्य दो भुजाओं के वर्गों के योग के बराबर हो तो, पहली भुजा का सम्मुख कोण समकोण होता है।

हल : दिया गया है : ABC एक त्रिभुज जिसमें $AC^2 = AB^2 + BC^2$
सिद्ध करना है : $\angle B$ समकोण है।
रचना : ΔPQR बनाया जिसमें $\angle Q = 90°$
तथा $PQ = AB$ और $QR = BC$
उपपत्ति :



ΔPQR से,
$PR^2 = PQ^2 + QR^2$ (पाइथागोरस प्रमेय)
$\therefore PR^2 = AB^2 + BC^2$ (रचना से)
$AC^2 = AB^2 + BC^2$ $\therefore PR^2 = AC^2$
या, $AC = PR$
अब ΔABC तथा ΔPQR में,
$AB = PQ$; $BC = QR$
$AC = PR$ $\therefore \Delta ABC \sim \Delta PQR$ .....(SSS)
$\therefore \angle B = \angle Q$; $\angle Q = 90°$
$\therefore \angle B = 90°$. Proved.

निर्देशांक ज्यामिति

प्रश्न 1. भुज या कोटि की परिभाषा दें। (M. Q., Set–I : 2011)

हल : भुज : किसी बिन्दु की y-अक्ष से दूरी उस बिन्दु का x-निर्देशांक या भुज कहलाता है।

कोटि : किसी बिन्दु की x-अक्ष से दूरी उस बिन्दु का y-निर्देशांक या कोटि कहलाता है।

प्रश्न 2. बिन्दु $P(x_1, y_1)$ और $Q(x_2, y_2)$ के बीच की दूरी ज्ञात करें। (2011A)

हल : $PQ = \sqrt{(x_2 - x_1)^2 + (y_2 - y_1)^2}$.

प्रश्न 3. उस त्रिभुज के क्षेत्रफल के लिए सूत्र लिखें जिसके शीर्षों के नियामक (x_1, y_1), (x_2, y_2) और (x_3, y_3) हैं। (M. Q., Set–II : 2011)

हल : $\frac{1}{2}\{x_1(y_2 - y_3) + x_2(y_3 - y_1) + x_3(y_1 - y_2)\}$.

प्रश्न 4. बिन्दु $(5\cos\theta, 0)$ और $(0, 5\sin\theta)$ के बीच की दूरी क्या है ? (M. Q., Set–IV : 2011)

हल : $d = \sqrt{(0 - 5\cos\theta)^2 + (5\sin\theta - 0)^2}$

$= \sqrt{25\cos^2\theta + 25\sin^2\theta} = \sqrt{25} = 5$

प्रश्न 5. बिन्दु ΔABC के शीर्ष A(4, 3), B(6, 5) और C(2, 4) हैं तो Δ के केन्द्रक का निर्देशांक क्या होगा ? (M. Q., Set–IV : 2011)

हल : केन्द्रक $\left(\frac{4+6+2}{3}, \frac{3+5+4}{3}\right)$

या, $\frac{12}{3}, \frac{12}{3}$ या, (4, 4).

प्रश्न 6. बिन्दु (2, –2) और (–2, 2) को मिलाने वाले रेखाखण्ड के मध्य बिन्दु के निर्देशांक ज्ञात करें। (M. Q., Set–II : 2011, 2011C)

हल : (0, 0)

संकेत : $(x_1, y_1), (x_2, y_2)$ को मिलाने वाले रेखाखण्ड का मध्य बिन्दु

$= \left(\frac{x_1 + x_2}{2}, \frac{y_1 + y_2}{2}\right)$

$\Rightarrow$ अभीष्ट मध्य बिन्दु $= \left(\frac{2-2}{2}, \frac{-2+2}{2}\right) = (0.0)$.

प्रश्न 7. किसी तल में दो बिन्दु C(4, 6) और D(6, 8) स्थित हैं, तो उनके बीच की दूरी निकालें। (M. Q., Set–III : 2011)

हल : $CD = \sqrt{(x_2 - x_1)^2 + (y_2 - y_1)^2} = \sqrt{(6-4)^2 + (8-6)^2}$

$= \sqrt{4+4} = \sqrt{8} = 2\sqrt{2}$ मात्रक उत्तर।

प्रश्न 8. किसी तल में दो बिन्दु A(4, 6), B(6, 8) हैं, तो इन दो बिन्दुओं को मिलाने वाली रेखा का मध्य बिन्दु का निर्देशांक क्या होगा ? (M. Q., Set–III : 2011)

हल : A (4, 6), B (6, 8) को मिलाने वाली रेखा का मध्य बिन्दु

$= \left(\frac{4+6}{2}, \frac{6+8}{2}\right) = (5, 7)$. उत्तर।

प्रश्न 9. सूत्र $\left(\frac{m_1x_2 + m_2x_1}{m_1 + m_2}, \frac{m_1y_2 + m_2y_1}{m_1 + m_2}\right)$ क्या कहलाता है ? (2011A)

हल : विभाजन सूत्र।

प्रश्न 10. दो बिन्दु P (2, 3) और Q (4, 2) के बीच की दूरी ज्ञात करें। (2011C)

हल : P = (2, 3), Q = (4, 2)

दूरी $PQ = \sqrt{(x_2 - x_1)^2 + (y_2 - y_1)^2}$

$= \sqrt{(4-2)^2 + (2-3)^2} = \sqrt{(2)^2 + (-1)^2}$

$= \sqrt{4+1} = \sqrt{5}$ इकाई उत्तर।

प्रश्न 11. मूल बिन्दु से P (6, – 6) की दूरी निकालें। (M.Q., Set–II : 2015)

हल : मूल बिन्दु से P बिन्दु की दूरी $= \sqrt{(6-0)^2 + (-6-0)^2}$

$= \sqrt{36+36} = \sqrt{72}$

$= 6\sqrt{2}$ मात्रक उत्तर।

प्रश्न 12. बिन्दुओं (0, 0) और (36, 15) के बीच की दूरी ज्ञात करें। (2016A)

हल : दो बिन्दुओं के बीच की दूरी

$= \sqrt{(x_1 - x_2)^2 + (y_1 - y_2)^2} = \sqrt{(0-36)^2 + (0-15)^2}$

$= \sqrt{1296+225} = \sqrt{1521} = 39$ इकाई उत्तर।

प्रश्न 13. बिन्दुओं $(a\cos\theta, 0)$ तथा $(0, a\sin\theta)$ के बीच की दूरी निकालें। (2015A)

हल : बिन्दुओं $(a\cos\theta, 0)$ तथा $(0, a\sin\theta)$ के बीच की दूरी

$= \sqrt{(a\cos\theta)^2 - (0)^2 + (0)^2 - (a\sin\theta)^2}$

$\equiv \sqrt{a^2\cos^2\theta + a^2\sin^2\theta}$

$= \sqrt{a^2(\cos^2\theta + \sin^2\theta)} = \sqrt{a^2 \times 1} = a$ उत्तर।

प्रश्न 14. बिन्दु (4, 5) तथा (–3, 2) के बीच की दूरी ज्ञात करें। (2012A)

हल : दूरी सूत्र से,

$$\text{दूरी} = \sqrt{(x_1 - x_2)^2 + (y_1 - y_2)^2} = \sqrt{\{4-(-3)\}^2 + (5-2)^2}$$

$$= \sqrt{(4+3)^2 + (3)^2} = \sqrt{7^2 + 3^2} = \sqrt{49+9}$$

$$= \sqrt{58}$$ इकाई उत्तर।

प्रश्न 15. दो बिन्दुओं (1, 2) और (–3, 5) के बीच की दूरी ज्ञात करें। (M. Q., Set–II : 2011)

हल : दूरी $= \sqrt{(x_2 - x_1)^2 + (y_2 - y_1)^2}$

$$= \sqrt{(-3-1)^2 + (5-2)^2}$$

$$= \sqrt{16+9} = \sqrt{25} = 5$$ मात्रक, उत्तर।

प्रश्न 16. y का वह मान ज्ञात कीजिए जिसके लिए बिंदु P(2, –3) और Q(10, y) के बीच की दूरी 10 मात्रक है। (M.Q., Set–V : 2011, 2015A, 2015C)

हल : P(2, –3) और Q(10, y) दिए गए बिंदु हैं।

इस तरह, PQ = 10 मात्रक

लेकिन, $PQ = \sqrt{(10-2)^2 + (y+3)^2}$

$\Rightarrow 10 = \sqrt{64 + y^2 + 6y + 9}$

$\Rightarrow 100 = 73 + y^2 + 6y$ [दोनों तरफ वर्ग करने पर]

$\Rightarrow y^2 + 6y - 27 = 0$

$\Rightarrow (y+9)(y-3) = 0$

$\Rightarrow y = -9$ या 3

इसलिए y का संभावित मान 3 या –9 होगा; उत्तर।

प्रश्न 17. बिंदु (2, 3) तथा (4, 1) के बीच की दूरियाँ ज्ञात कीजिए। (2011A, 2012C)

हल : मान लीजिए P(2, 3) और Q(4, 1) दिए गए बिंदु हैं।

यहाँ, $x_1 = 2, y_1 = 3$ और $x_2 = 4, y_2 = 1$

$$\therefore PQ = \sqrt{(x_2 - x_1)^2 + (y_2 - y_1)^2} = \sqrt{(4-2)^2 + (1-3)^2}$$

$$= \sqrt{(2)^2 + (-2)^2} = \sqrt{4+4} = \sqrt{8} = 2\sqrt{2}$$; उत्तर।

प्रश्न 18. बिंदु (a, b) तथा (–a, –b) के बीच की दूरियाँ ज्ञात कीजिए। (M.Q., Set–I & V : 2015)

हल : मान लीजिए P(a, b) और Q(–a, –b) दिए गए बिंदु हैं।

यहाँ, $x_1 = a, y_1 = b$ और $x_2 = -a, y_2 = -b$

$$\therefore PQ = \sqrt{(x_2 - x_1)^2 + (y_2 - y_1)^2} = \sqrt{(-a-a)^2 + (-b-b)^2}$$

$$= \sqrt{(-2a)^2 + (-2b)^2} = \sqrt{4a^2 + 4b^2} = 2\sqrt{a^2 + b^2}$$ उत्तर।

प्रश्न 19. x-अक्ष पर वह बिंदु ज्ञात कीजिए जो (2, –5) और (–2, 9) से समदूरस्थ हैं। (M.Q., Set–V : 2015, 2015A)

हल : चूँकि x-अक्ष पर स्थित प्रत्येक बिंदु की कोटि 0 है।

इसलिए P(x, 0), x-अक्ष पर कोई एक बिंदु है।

चूँकि P(x, 0) बिंदु, A(2, –5) और B(–2, 9) समदूरस्थ है।

$\therefore PA = PB \Rightarrow PA^2 = PB^2$

$\Rightarrow (x-2)^2 + (0+5)^2 = (x+2)^2 + (0-9)^2$

$\Rightarrow x^2 - 4x + 4 + 25 = x^2 + 4x + 4 + 81$

$\Rightarrow -4x - 4x = 81 - 25 \Rightarrow -8x = 56$

$\Rightarrow x = \frac{56}{-8} = -7$

$\therefore$ x-अक्ष पर दिए गए बिंदु से समदूरस्थ बिंदु (–7, 0) है; उत्तर।

प्रश्न 20. y-अक्ष पर वह बिन्दु ज्ञात कीजिए जो बिन्दुओं (4, 0) और (6, 0) से समदूरस्थ है। (2014A)

हल : y-अक्ष पर किसी बिन्दु का निर्देशांक (0, y) होता है।

अत: मान लिया कि P (0, y) वह बिन्दु है जो बिन्दुओं A (4, 0) और B (6, 0) से समदूरस्थ है।

अर्थात् AP = BP; $AP^2 = BP^2$

$$(4-0)^2 + (0-y)^2 = (6-0)^2 + (0-y)^2$$

$$16 + y^2 = 36 + y^2$$

$$2y^2 = 52, \quad y^2 = \frac{52}{2} = 26 \quad \therefore \quad y = \sqrt{26}$$

अत: अभीष्ट बिन्दु $P\left(0, \sqrt{26}\right)$ है। उत्तर।

प्रश्न 21. x-अक्ष पर वह बिन्दु ज्ञात कीजिए जो (5, 3) और (3, 5) से समदूरस्थ है। (2014A)

हल : x-अक्ष पर किसी बिन्दु का निर्देशांक (x, 0) होता है।

अत: मान लिया कि P (x, 0) वह बिन्दु है जो बिन्दुओं A (5, 3) और B (3, 5) से समदूरस्थ है।

अर्थात् AP = BP; $AP^2 = BP^2$

$$(5-x)^2 + (3-0)^2 = (3-x)^2 + (5-0)^2$$

$$25 + x^2 - 10x + 9 = 9 + x^2 - 6x + 25$$

$$-10x = -6x$$

या, $-10x + 6x = 0$ या, $-4x = 0$ $\therefore \quad x = \frac{0}{-4} = 0$

अत: अभीष्ट बिन्दु (0, 0) है। उत्तर।

प्रश्न 22. बिन्दु A और B के बीच की दूरी निकालें। यदि उनके निर्देशांक A(a, 0) और B(0, a) है? (M. Q., Set–I : 2016)

हल : (a, 0) A (0, a) B

AB दूरी = $\sqrt{(x - \text{नियामक का अन्तर})^2 + (y - \text{नियामक का अन्तर})^2}$

$$= \sqrt{(a-0)^2 + (0-a)^2} = \sqrt{a^2 + a^2}$$

$$= \sqrt{2a^2} = \sqrt{2}a$$ इकाई उत्तर।

प्रश्न 23. बिन्दुओं (– 5, 7) और (– 1, 3) के बीच की दूरी ज्ञात कीजिए। (2016A)

हल : दिया हुआ है कि $(x_1, y_1) = (-5, 7)$

और $(x_2, y_2) = (-1, 3)$

दो बिन्दुओं के बीच की दूरी $= \sqrt{(x_1 - x_2)^2 + (y_1 - y_2)^2}$

$$= \sqrt{\{-5-(-1)\}^2 + (7-3)^2}$$

$$= \sqrt{(-5+1)^2 + (4)^2}$$

$$= \sqrt{(-4)^2 + (4)^2}$$

$$= \sqrt{16+16} = \sqrt{32}$$

$$= 4\sqrt{2}$$ इकाई उत्तर।

प्रश्न 25. एक आयताकार कागज का टुकड़ा है जिसमें AB = 18 cm और BC = 14 cm है। इस कागज के टुकड़े से BC को व्यास मानकर अर्द्ध वृत्ताकार टुकड़ा काट लिया जाता है। कागज के शेष भाग का क्षेत्रफल ज्ञात करें। (M. Q., Set–III : 2011, M. Q., Set–II : 2015)



हल : आयताकार कागज का क्षेत्रफल
= 18 × 14 = 252 वर्ग सेमी.
अर्द्धवृत्त का क्षेत्रफल $= \frac{1}{2}\pi r^2$
$= \frac{1}{2}\times\frac{22}{7}\times7^2$
= 77 वर्ग सेमी० उत्तर
$\therefore$ शेष भाग का क्षेत्रफल = 252 – 77 = 175 वर्ग सेमी.

प्रश्न 26. आकृति में, ABCD भुजा 14 cm वाला एक वर्ग है। A, B, C और D को केन्द्र मानकर, चार वृत्त इस प्रकार खींचे गए हैं कि प्रत्येक वृत्त तीन शेष वृत्तों में से दो वृत्तों को वाह्य रूप से स्पर्श करता है। छायांकित भाग का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए।




हल : वर्ग ABCD की भुजा = 14 cm.
वृत्त की त्रिज्या (R) = 7 cm
त्रिज्या कोण (θ) = 90° [वर्ग का प्रत्येक कोण 90° है।]
वर्ग का क्षेत्रफल = (भुजा)^2 = 14 × 14 = 196 cm^2

चार चतुर्थांशों का क्षेत्रफल $= 4\left[\frac{\pi R^2\theta}{360}\right]$

$= 4\times\frac{22}{7}\times\frac{7\times7\times90}{360}$
$= 22\times7 = 154 \text{ cm}^2$

$\therefore$ अभीष्ट छायांकित क्षेत्रफल = वर्ग का क्षेत्रफल – चार चतुर्थांशों का क्षेत्रफल
= 196 – 154 = 42 cm^2; उत्तर।

प्रश्न 27. एक वर्गाकार रूमाल पर, नौ वृत्ताकार डिजाइन बने हैं, जिनमें से प्रत्येक की त्रिज्या 7 cm है (देखिए आकृति)। रूमाल के शेष भाग का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए।




हल : वृत्त की त्रिज्या (R) = 7 cm
वृत्त का व्यास = 2 × R
= 2 × 7
= 14 cm
क्योंकि वर्ग की भुजा के अनुदिश तीन वृत्त हैं।
$\therefore$ वर्ग की भुजा = 3 [14] = 42 cm.
रूमाल का कुल क्षेत्रफल = वर्ग का क्षेत्रफल = (भुजा)^2
= (42)^2 = 1764 cm^2.
नौ वृत्ताकार डिजाइनों का क्षेत्रफल $= 9\pi R^2$

$= 9\times\frac{22}{7}\times(7)^2 = 9\times\frac{22}{7}\times7\times7$
$= 9\times154 = 1386 \text{ cm}^2$

$\therefore$ शेष भाग का अभीष्ट क्षेत्रफल = वर्ग का क्षेत्रफल
– 9 वृत्ताकार डिजाइनों का क्षेत्रफल
= 1764 – 1386
= 378 cm^2; उत्तर।

प्रश्न 28. AB और CD केन्द्र O तथा त्रिज्याएँ 21 cm और 7 cm वाले दो संकेन्द्रीय वृत्तों के क्रमशः दो चाप हैं (देखिए आकृति)। यदि $\angle AOB = 30°$ है, तो छायांकित भाग का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए।



हल : त्रिज्यखंड OBA की त्रिज्या (R) = 21 cm
त्रिज्यखंड ODC की त्रिज्या (r) = 7 cm
त्रिज्यखंड का कोण (θ) = 30°
बड़े त्रिज्यखंड (OAB) का क्षेत्रफल

$$= \frac{R^2\theta}{360°}$$


$$= \frac{22}{7} \times \frac{21 \times 21 \times 30°}{360°} = 115.5 \text{ cm}^2$$

छोटे त्रिज्यखंड (ODC) का क्षेत्रफल $= \frac{\pi r^2\theta}{360°}$

$$= \frac{22}{7} \times \frac{7 \times 7 \times 30°}{360°} = 12.83 \text{ cm}^2$$

अब छायांकित भाग का क्षेत्रफल
= बड़े त्रिज्यखंड OAB का क्षेत्रफल
– छोटे त्रिज्यखंड OCD का क्षेत्रफल
= 115.5 – 12.83 = 102.67 cm²; उत्तर।

प्रश्न 29. एक अर्द्धवृत्त चाँद की परिधि 36 cm तो इसका व्यास निकालें।
(M. Q., Set–I : 2015)



हल : $\pi r + 2r = 36$

$$\Rightarrow r(\pi + 2) = 36$$

$$\Rightarrow r\left(\frac{22}{7} + 2\right) = 36$$


$$\Rightarrow r\left(\frac{22+14}{7}\right) = 36$$

$$\Rightarrow 36\, r = 36 \times 7 \qquad \therefore \quad r = 7 \text{ cm}$$

$\therefore$ $d = 2 \times 7 = 14$ cm उत्तर।

प्रश्न 30. त्रिज्या 21 cm वाले वृत्त का एक चाप केन्द्र पर 60° का कोण अंतरित करता है। ज्ञात कीजिए :
(i) चाप की लंबाई
(ii) चाप द्वारा बनाए गए त्रिज्यखंड का क्षेत्रफल
(iii) संगत जीवा द्वारा बनाए गए वृत्तखंड का क्षेत्रफल।

हल : (i) वृत्त की त्रिज्या (R) = 21 cm
केन्द्रीय कोण (θ) = 60°



चाप की लंबाई $= \frac{\theta}{360} \times 2\pi R$

$$= \frac{60}{360} \times 2 \times \frac{22}{7} \times 21$$

= 22 cm; उत्तर।

(ii) चाप द्वारा बनाए गए त्रिज्यखंड का क्षेत्रफल $= \frac{\pi R^2\theta}{360}$

$$= \frac{22}{7} \times \frac{21 \times 21 \times 60}{360} = 231 \text{ cm}^2$$

$\therefore$ त्रिज्यखंड का क्षेत्रफल क्योंकि ΔOAB समबाहु है जिसमें $\theta = 60°$.

(iii) वृत्तखंड का क्षेत्रफल = त्रिज्यखंड का क्षेत्रफल – ΔAOB का क्षेत्रफल


$$= \frac{R^2}{360} - \frac{\sqrt{3}}{4} (\text{भुजा})^2$$

$$= 231 - \frac{1.73}{4} \times 21 \times 21$$

$$= 231 - 0.4325 \times 441$$

$$= 231 - 190.7325 = 40.26 \text{ cm}^2;$$ उत्तर।

प्रश्न 31. 15 cm त्रिज्या वाले एक वृत्त की कोई जीवा केंद्र पर 60° का कोण अंतरित करती है। संगत लघु और दीर्घ वृत्तखंडों के क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए। ($\pi = 3.14$ और $\sqrt{3} = 1.73$ का प्रयोग कीजिए।)



हल : वृत्त की त्रिज्या (R) = 15 cm
केन्द्रीय कोण (θ) = 60°
ΔOAB में, केन्द्रीय कोण $\theta = 60°$
OA = OB = 15 cm.
$\therefore$ $\angle A = \angle B = 60°$
$\therefore$ ΔOAB समबाहु त्रिभुज है।

$$\begin{bmatrix}\text{लघु वृत्तखंड}\\ \text{का क्षेत्रफल}\end{bmatrix} = \begin{bmatrix}\text{लघु त्रिज्यखंड}\\ \text{का क्षेत्रफल}\end{bmatrix} - \begin{bmatrix}\text{समबाहु त्रिभुज}\\ \text{का क्षेत्रफल}\end{bmatrix}$$

$$= \frac{\pi R^2\theta}{360°} - \frac{\sqrt{3}}{4} (\text{भुजा})^2$$

$$= 3.14 \times \frac{15 \times 15 \times 60°}{360°} - \frac{1.73}{4} \times (15)^2$$


$$= 15 \times 15 \left[\frac{3.14 \times 60°}{360°} - \frac{1.73}{4}\right]$$

$$= \frac{225}{100}\left[\frac{314}{6} - \frac{173}{4}\right] = \frac{225}{100}\,[52.33 - 43.25]$$

$$= \frac{225}{100} \times 9.08 = \frac{2043}{100} = 20.43 \text{ cm}^2$$

दीर्घ वृत्तखंड का क्षेत्रफल = वृत्त का क्षेत्रफल – लघु वृत्तखंड का क्षेत्रफल
$= \pi R^2 - 20.43 = 3.14 \times 15 \times 15 - 20.43$
$= 706.5 - 20.43 = 686.07 \text{ cm}^2$; उत्तर।

प्रश्न 32. एक वृत्ताकार ब्रूच (brooch) को चाँदी के तार से बनाया जाना है जिसका व्यास 35 mm है। तार को वृत्त के 5 व्यासों को बनाने में भी प्रयुक्त किया गया है जो उसे 10 बराबर त्रिज्यखंडों में विभाजित करता है, जैसा कि आकृति में दर्शाया गया है। तो ज्ञात कीजिए :



(i) कुल वांछित चाँदी के तार की लंबाई
(ii) ब्रूच के प्रत्येक त्रिज्यखंड का क्षेत्रफल

हल : वृत्त का व्यास (D) = 35 mm

वृत्त की त्रिज्या (R) $= \frac{35}{2}$ mm

व्यासों की संख्या = 5
बराबर त्रिज्यखंडों की संख्या = 10
(i) प्रयोग की गई तार की लंबाई = 5 व्यासों की लंबाई + वृत्त (ब्रूच) की परिमाप

$$= 5\,(35) + 2\pi R = 175 + 2 \times \frac{22}{7} \times \frac{35}{2}$$

$$= 175 + 110 = 285 \text{ mm}$$

(ii) ब्रूच का त्रिज्यखंड का कोण $= \frac{360°}{\text{त्रिज्यखंडों की संख्या}}$

$$= \frac{360°}{10} = 36°$$

प्रत्येक ब्रूच का क्षेत्रफल (त्रिज्यखंड का क्षेत्रफल) $= \frac{\pi R^2\theta}{360}$

$$= \frac{36}{360} \times \frac{22}{7} \times \frac{35}{2} \times \frac{35}{2}$$

$$= \frac{11 \times 35}{4} = \frac{385}{4} \text{ mm}^2$$

$= 96.25 \text{ mm}^2$; उत्तर।

प्रश्न 33. एक घड़ी की मिनट की सूई, जिसकी लंबाई 14 cm है, सूई द्वारा 5 मिनट में रचित क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए। (M. Q., Set–II : 2015)

हल : मिनट की सूई की लंबाई = वृत्त की त्रिज्या (R) = 14 cm


हमें ज्ञात है,

$60' = 360°$

$1' = \frac{360}{60} = 6°$

$5' = 6° \times 5 = 30°$

अत: त्रिज्यखंड कोण $(\theta) = 30°$



∴ सूई द्वारा 5 मिनट में रचित क्षेत्रफल $= \frac{\pi R^2\theta}{360}$

$= \frac{22}{7} \times 14 \times 14 \times \frac{30°}{360°}$

$= \frac{1}{12} \times 22 \times 28 = \frac{154}{3}$ cm^2

$= 51{\cdot}33$ cm^2; उत्तर।

प्रश्न 34. किसी कार के प्रत्येक पहिए का व्यास 80 cm है। यदि यह कार 66 km प्रति घंटे की चाल से चल रही है, तो 10 मिनट में प्रत्येक पहिया कितने चक्कर लगाती है ?

हल : पहिए का व्यास = 80 cm

पहिए की त्रिज्या (R) = 40 cm = $\frac{4}{100} = 0.04$ m

पहिए की परिधि $= 2\pi r = 2 \times \frac{22}{7} \times 0.04$

मान लीजिए कार का पहिया n पूरे चक्कर लगाने में 10 मिनट में दूरी तय करता है

$= n\left[0.08 \times \frac{22}{7}\right]$

कार की चाल = 66 किमी०/घंटा

60 मिनट में तय की गई दूरी = 66 km = 66 × 1000 m

10 मिनट में तय की गई दूरी $= \frac{66 \times 1000}{60} \times 10 = 11000$ m

∴ $n\left[\frac{22}{7} \times 0.08\right] = 11000$

$n = \frac{11000}{0.08} \times \frac{7}{22} = 43750$

अत: कार के पहिए द्वारा 10 मिनट में लगाए गए पूरे चक्करों की संख्या = 43750; उत्तर।


प्रश्न 35. किसी कार के दो वाइपर (Wipers), परस्पर कभी आच्छादित नहीं होते हैं। प्रत्येक वाइपर की पत्ती की लंबाई 25 cm है और 115° के कोण तक घूमकर सफाई कर सकता है। पत्तियों की प्रत्येक बुहार के साथ जितना क्षेत्रफल साफ हो जाता है, वह ज्ञात कीजिए। (M.Q., Set–II : 2016)

हल : पत्ती की लंबाई (R) = 25 cm

त्रिज्यखंड का कोण $(\theta) = 115°$

वाइपर त्रिज्यखंड के रूप में घूमता है।

त्रिज्यखंड का क्षेत्रफल = एक पत्ती द्वारा घूमा गया क्षेत्रफल



$= \frac{R^2}{360}$


$= \frac{22}{7} \times \frac{115}{360} \times 25 \times 25$


$= 627.48$ cm^2

वाइपर की दो पत्तियों द्वारा घूमा गया क्षेत्रफल = 2 त्रिज्यखंड का क्षेत्रफल

$= 2 \times 627.48 = 1254{\cdot}96$ cm^2; उत्तर।

प्रश्न 36. एक छतरी में आठ ताने हैं, जो बराबर दूरी पर लगे हुए हैं (देखिए आकृति)। छतरी को 45 cm त्रिज्या वाला एक सपाट वृत्त मानते हुए, इसकी दो क्रमागत तानों के बीच का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए।





हल : वृत्त की त्रिज्या = 45 cm; तानों की संख्या = 8

केन्द्रीय कोण (त्रिज्यखंड कोण) $= \frac{360}{8} = 45°$

त्रिज्यखंड का क्षेत्रफल $= \frac{\pi R^2\theta}{360°} = \frac{45}{360°} \times \frac{22}{7} \times 45 \times 45$

$= \frac{1}{8} \times \frac{22}{7} \times 45 \times 45$

$= \frac{22275}{28}$ cm^2 $= 795.53$ cm^2

∴ छतरी के दो क्रमागत तानों के बीच का क्षेत्रफल = 795.53 cm^2; उत्तर।

प्रश्न 37. आकृति में, छायांकित भाग का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए, यदि PQ = 24 cm, PR = 7 cm तथा O वृत्त का केन्द्र है।

हल : PQ = 24 cm, PR = 7 cm.

RQ वृत्त का व्यास है।


$\angle RPQ = 90°$ अर्धवृत्त का कोण

ΔPQR में,

$QR^2 = RP^2 + PQ^2$

$QR = \sqrt{(7)^2 + (24)^2} = \sqrt{49 + 576}$

$= \sqrt{625} = 25$ cm



∴ वृत्त का व्यास (QR) = 25 cm.

वृत्त की त्रिज्या (R) $= \frac{25}{2}$ cm

छायांकित भाग का क्षेत्रफल = अर्धवृत्त का क्षेत्रफल – ΔRPQ का क्षेत्रफल

$= \frac{1}{2}\pi R^2 - \frac{1}{2} RP \times PQ$


$= \left[\frac{1}{2} \times \frac{22}{7} \times \frac{25}{2} \times \frac{25}{2} - \frac{1}{2} \times 7 \times 24\right]$ cm^2

$= \left[\frac{6875}{28} - 84\right]$

$= 245.53 - 84 = 161.53$ cm^2

∴ छायांकित भाग का क्षेत्रफल = 161.53 cm^2; उत्तर।

प्रश्न 38. भुजा 4 cm वाले एक वर्ग के प्रत्येक कोने से 1 cm त्रिज्या वाले वृत्त का एक चतुर्थांश काटा गया है तथा बीच में 2 cm व्यास का एक वृत्त भी काटा गया है, जैसा कि आकृति में दर्शाया गया है। वर्ग के शेष भाग का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए।



हल : वर्ग की भुजा = 4 cm

काटे गए प्रत्येक अर्धवृत्त की त्रिज्या (r) = 1 cm

वृत्त का व्यास = 2 cm

∴ वृत्त की त्रिज्या (R) = 1 cm

वर्ग का क्षेत्रफल = (भुजा)^2 = $(4)^2 = 16$ cm^2

4 चतुर्थांशों का क्षेत्रफल $= 4\left[\frac{\pi r^2\theta}{360^\circ}\right] = \frac{4}{360^\circ} \times 90^\circ \times \frac{22}{7} \times 1 \times 1$

$= 1 \times \frac{22}{7} \times 1 \times 1 = 3.14 \text{ cm}^2$


वृत्त का क्षेत्रफल $= \pi R^2 = \frac{22}{7} \times 1 \times 1 = \frac{22}{7} = 3.14 \text{ cm}^2$

अभीष्ट क्षेत्रफल = वर्ग का क्षेत्रफल – 4 चतुर्थांशों का क्षेत्रफल – वृत्त का क्षेत्रफल

$= (16 - 3.14 - 3.14) \text{ cm}^2$

$= 9.72 \text{ cm}^2$; उत्तर।

प्रश्न 39. आकृति में, छायांकित भाग का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए, यदि केन्द्र O वाले दोनों संकेन्द्रीय वृत्तों की त्रिज्याएँ क्रमशः 7 cm और 14 cm हैं तथा $\angle AOC = 40^\circ$ है। (2015A)



हल : छोटे वृत्त की त्रिज्या $(r) = 7$ cm

बड़े वृत्त की त्रिज्या $(R) = 14$ cm

केन्द्रीय कोण $\angle AOC\ (\theta) = 40^\circ$

छायांकित भाग का क्षेत्रफल = बड़े वृत्तखंड OAC का क्षेत्रफल – छोटे वृत्तखंड OBD का क्षेत्रफल

$= \frac{\pi R^2\theta}{360} - \frac{\pi r^2\theta}{360} = \frac{\pi\theta}{360}[R^2 - r^2]$


$= \frac{22}{7} \times \frac{40}{360} \times [14^2 - 7^2]$

$= \frac{22}{63}[196 - 49] = \frac{22}{63} \times 147$

$= 51.33 \text{ cm}^2$

∴ छायांकित भाग का क्षेत्रफल $= 51.33 \text{ cm}^2$; उत्तर।

प्रश्न 40. एक समबाहु त्रिभुज ABC का क्षेत्रफल 17320.5 cm^2 है। इस त्रिभुज के प्रत्येक शीर्ष को केन्द्र मानकर त्रिभुज की भुजा के आधे के बराबर की त्रिज्या लेकर एक-एक वृत्त खींचा जाता है (देखिए आकृति)। छायांकित भाग का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए।



($\pi = 3.14$ और $\sqrt{3} = 1.73205$ लीजिए)

हल : समबाहु त्रिभुज ABC का क्षेत्रफल $= 17320.5 \text{ cm}^2$


$\frac{\sqrt{3}}{4}(\text{भुजा})^2 = 17320.5$

$(\text{भुजा})^2 = \frac{17320.5 \times 4}{1.73205}$

$(\text{भुजा})^2 = \frac{173205}{10} \times \frac{100000 \times 4}{173205}$

भुजा $= \sqrt{4 \times 100 \times 100}$

भुजा $= 2 \times 100 = 200$ cm



∴ $AB = BC = AC$

वृत्त की त्रिज्या $(R) = \frac{AB}{2} = \frac{200}{2} = 100$ cm

त्रिज्यखंड का कोण, $\theta = 60^\circ$

त्रिज्यखंड APN का क्षेत्रफल $= \frac{\pi R^2\theta}{360^\circ} = \frac{3.14 \times 100 \times 100 \times 60^\circ}{360^\circ}$

$= 5233.33 \text{ cm}^2$


तीनों त्रिज्यखंडों का क्षेत्रफल $= 3 \times 5233.33 \text{ cm}^2 = 15699.9 = 15700$

∴ अभीष्ट छायांकित क्षेत्रफल = त्रिभुज का क्षे॰ – तीन त्रिज्यखंडों का क्षे॰

$= 17320.5 - 15700 = 1620.5 \text{ cm}^2$

∴ छायांकित क्षेत्रफल $= 1620.5 \text{ cm}^2$; उत्तर।

प्रश्न 41. आकृति में, AB और CD केन्द्र O वाले एक वृत्त के दो परस्पर लंब व्यास हैं तथा OD छोटे वृत्त का व्यास है। यदि OA = 7 cm है, तो छायांकित भाग का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए।



हल : वृत्त का व्यास = 14 cm

वृत्त की त्रिज्या = 7 cm

छोटे वृत्त का व्यास = 7 cm

∴ छोटे वृत्त की त्रिज्या $= \frac{7}{2}$ cm

AB और CD एक वृत्त के दो परस्पर लंब व्यास हैं।

∴ $AB \perp CD$

बड़े वृत्त का क्षेत्रफल $= \pi R^2 = \frac{22}{7} \times 7 \times 7 = 154 \text{ cm}^2$

छोटे वृत्त का क्षेत्रफल $= \pi r^2 = \frac{22}{7} \times \frac{7}{2} \times \frac{7}{2} = 38.50 \text{ cm}^2$

ΔABC का क्षेत्रफल $= \frac{1}{2} \times$ आधार $\times$ ऊँचाई

$= \frac{1}{2} \times 14 \times 7 = 49 \text{ cm}^2$


∴ छायांकित क्षेत्रफल = बड़े वृत्त का क्षेत्रफल – छोटे वृत्त का क्षेत्रफल – त्रिभुज का क्षेत्रफल

$= (154 - 38.5 - 49) \text{ cm}^2 = 66.5 \text{ cm}^2$; उत्तर।

प्रश्न 42. आकृति में, OACB केन्द्र O और त्रिज्या 3.5 cm वाले एक वृत्त का चतुर्थांश है। यदि OD = 2 cm है, तो निम्नलिखित के क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए :

(i) चतुर्थांश OACB

(ii) छायांकित भाग



हल : चतुर्थांश की त्रिज्या $(R) = 3.5$ cm

त्रिज्यखंड का कोण $(\theta) = 90^\circ$

$OD = 2$ cm

(i) चतुर्थांश OACB का क्षेत्रफल $= \frac{R^2}{360^\circ} = \frac{22}{7} \times \frac{3.5 \times 3.5 \times 90^\circ}{360^\circ}$


$= 9.625 \text{ cm}^2$; उत्तर।

(ii) ΔODB का क्षेत्रफल $= \frac{1}{2}$ आधार $\times$ ऊँचाई $= \frac{1}{2} \times 3.5 \times 2 = 3.5 \text{ cm}^2$

∴ छायांकित क्षेत्रफल = चतुर्थांश OACB का क्षेत्रफल – ΔODB का क्षेत्रफल

$= 9.625 - 3.5 = 6.125 \text{ cm}^2$; उत्तर।

प्रश्न 43. आकृति में, एक चतुर्थांश OPBQ के अंतर्गत एक वर्ग OABC बना हुआ है। यदि OA = 20 cm है, तो छायांकित भाग का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए। ($\pi = 3.14$ लीजिए।)



हल : वर्ग ABCO की भुजा = 20 cm

$\angle AOC = 90^\circ$

$AB = OA$


∴ ΔOAB में,

$OB^2 = OA^2 + AB^2$

$OB = \sqrt{(20)^2 + (20)^2}$

$= \sqrt{400 + 400}$

$= \sqrt{800} = 20\sqrt{2}$ cm



वर्ग का क्षेत्रफल $= (\text{भुजा})^2 = (20)^2$

∴ वर्ग का क्षेत्रफल = 400 cm²

चतुर्थांश की त्रिज्या (R) = $20\sqrt{2}$ cm

त्रिज्यखंड का कोण (θ) = 90°

∴ त्रिज्यखंड का क्षेत्रफल $= \frac{R^2\theta}{360}$


$= \frac{3.14 \times 20\sqrt{2} \times 20\sqrt{2} \times 90^\circ}{360^\circ}$

$= 2 \times 314 \text{ cm}^2 = 628 \text{ cm}^2$

∴ अभीष्ट छायांकित क्षेत्रफल = त्रिज्यखंड का क्षेत्रफल – वर्ग का क्षेत्रफल

$= (628 - 400) \text{ cm}^2 = 228 \text{ cm}^2$; उत्तर।

प्रश्न 44. आकृति एक तीरंदाजी लक्ष्य को दर्शाती है, जिसमें केन्द्र से बाहर की ओर पाँच क्षेत्र Gold, Red, Blue, Black और White चिह्नित हैं, जिनसे अंक अर्जित किए जा सकते हैं। Gold अंक वाले क्षेत्र का व्यास 21 cm है तथा प्रत्येक अन्य पट्टी 10.5 cm चौड़ी है। अंक प्राप्त करने वाले इन पाँचों क्षेत्रों में से प्रत्येक का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए।



हल : Gold क्षेत्र का व्यास = 21 cm

Gold क्षेत्र की त्रिज्या $(R_1) = \frac{21}{2} = 10.5$ cm

∴ Gold क्षेत्र का क्षेत्रफल $= R_1^2 = \frac{22}{7} \times \frac{21}{2} \times \frac{21}{2} \times \frac{693}{2} \text{ cm}^2$

$= 346{\cdot}5 \text{ cm}^2$

प्रत्येक पट्टी की चौड़ाई = 10.5 cm

∴ Red और Gold क्षेत्र की त्रिज्या $(R_2) = (10.5 + 10.5) = 21$ cm.

Blue, Red और Gold क्षेत्र की संयुक्त त्रिज्या (R_3)

$= R_2 + 10.5 = 21 + 10.5 = 31.5$

Black, Blue, Red और Gold क्षेत्र की संयुक्त त्रिज्या (R_4)

$= R_3 + 10.5 = 31.5 + 10.5 = 42$ cm

White, Black, Blue, Red, Gold क्षेत्र की संयुक्त त्रिज्या (R_5)

$= R_4 + 10.5 = 42 + 10.5 = 52.5$ cm

Black क्षेत्र का क्षेत्रफल = Gold, Red, Blue और Black क्षेत्र का संयुक्त क्षेत्रफल – Gold, Red और Blue क्षेत्र का संयुक्त क्षेत्रफल

$= \pi R_4^2 - \pi R_3^2 = \pi [(42)^2 - (31.5)^2]$

$= \frac{22}{7} [1764 - 992.25]$

$= \frac{22}{7} [771.75] = 2425.5 \text{ cm}^2$

White अंक वाले क्षेत्र का क्षे॰ = White, Black, Blue, Red, Gold क्षेत्र का संयुक्त क्षेत्रफल – Black, Blue, Red और Gold क्षेत्र का संयुक्त क्षेत्रफल

$= \pi R_5^2 - \pi R_4^2 = \pi [R_5^2 - R_4^2]$

$= \frac{22}{7} \times [(52.5)^2 - (42)^2]$

$= \frac{22}{7} [2756.25 - 1764]$

$= \frac{22 \times 992.25}{7} = \frac{21829.5}{7}$

$= 3118.5 \text{ cm}^2$

∴ Red क्षेत्र का क्षेत्रफल = Red और Gold क्षेत्र का क्षेत्रफल – Gold क्षेत्र का क्षेत्रफल

$= \pi R_2^2 - \pi R_1^2 = \left[(21)^2 - \left(\frac{21}{2}\right)^2\right]$

$= \pi \left[441 - \frac{441}{4}\right] = \frac{22}{7} \pi 441 \left[1 - \frac{1}{4}\right]$

$= 22 \times 63 \left[\frac{3}{4}\right] = \frac{11 \times 189}{2} = \frac{2079}{2} \text{ cm}^2$

$= 1039.5 \text{ cm}^2$

Blue अंक वाले क्षेत्र का क्षे॰ = Red, Blue और Gold क्षेत्र का संयुक्त क्षेत्रफल – Gold और Red क्षेत्र का संयुक्त क्षेत्रफल

$= \pi R_3^2 - \pi R_2^2 = \pi [R_3^2 - R_2^2]$

$= \frac{22}{7} [(31.5)^2 - (21)^2]$

$= \frac{22}{7} [992.25 - 441]$

$= \frac{22}{7} \times 551.25 = \frac{12127.5}{7}$

$= 1732.5 \text{ cm}^2$


Gold, Red, Blue, Black और White का क्षेत्रफल क्रमशः = 346.5 cm², 1039.5 cm², 1732.5 cm², 2425.5 cm² तथा 3118.5 cm². उत्तर।

प्रश्न 45. त्रिज्या 12 cm वाले एक वृत्त की कोई जीवा केन्द्र पर 120° का कोण अंतरित करती है। संगत वृत्तखंड का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए।

($\pi = 3.14$ और $\sqrt{3} = 1.73$ का प्रयोग कीजिए।)

हल : वृत्त की त्रिज्या (R) = 12 cm

केन्द्रीय कोण (θ) = 120°



ΔOAM में, OM ⊥ AB


∴ $AM = MB = \frac{1}{2} AB$

∴ $\angle OAM = 30^\circ = \angle OBM$

$AB = 2AM = 2 \left(\frac{AM}{OA}\right) OA$

$= 2 (\sin 60^\circ) 12$

$= 2 \times \frac{\sqrt{3}}{2} \times 12 = 12\sqrt{3}$ cm



$OM = OA \left(\frac{OM}{OA}\right) = 12 \cos 60^\circ$

$= 12 \times \frac{1}{2} = 6$ cm

∴ वृत्तखंड का क्षेत्रफल = त्रिज्यखंड का क्षेत्रफल – ΔOAB का क्षेत्रफल

$= \frac{\pi R^2 \theta}{360^\circ} - \frac{1}{2} AB \times OM$

$= \frac{3.14 \times 12 \times 12 \times 120^\circ}{360^\circ} - \frac{1}{2} \times 12\sqrt{3} \times 6$

$= \frac{314}{100} \times \frac{144 \times 120^\circ}{360^\circ} - 36\sqrt{3}$

$= 150.72 - 36 \times 1.73$

$= (150.72 - 62.28) \text{ cm}^2$

$= 88.44 \text{ cm}^2$; उत्तर।

प्रश्न 46. त्रिज्या 21 cm वाले एक वृत्त की कोई जीवा केन्द्र पर 120° का कोण अंतरित करती है। संगत वृत्त खंड का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए।

हल : $r = 21$ cm, $\theta = 120°$

संगत वृत्तखंड का क्षेत्रफल = त्रिज्यखंड का क्षेत्रफल − त्रिभुज का क्षेत्रफल


$$= \frac{\theta}{360} \times \pi r^2 - \frac{1}{2} r^2 \sin\theta$$

$$= \frac{120°}{360°} \times \frac{22}{7} \times 21 \times 21 - \frac{1}{2} \times 21 \times 21 \sin 120°$$

$$= \frac{1}{3} \times \frac{22}{7} \times 21 \times 21 - \frac{1}{2} \times 21 \times 21 \times \frac{\sqrt{3}}{2} \quad \left(\because \sin 120° = \frac{\sqrt{3}}{2}\right)$$

$$= \left(462 - \frac{441\sqrt{3}}{4}\right) \text{cm}^2$$; उत्तर।

प्रश्न 47. आकृति में, छायांकित डिजाइन का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए, जो 8 cm त्रिज्याओं वाले दो वृत्तों के चतुर्थांशों के बीच उभयनिष्ठ है।



हल : वर्ग की भुजा = 8 cm;

वर्ग का क्षेत्रफल = $(8)^2 = 64$ cm^2

रेखा BD वर्ग ABCD को समान भागों में विभाजित करती है।


ΔABD का क्षेत्रफल = ΔBDC का क्षेत्रफल

त्रिज्यखंड का कोण, $\theta = 90°$

त्रिज्यखंड का क्षेत्रफल $= \frac{\pi R^2 \theta}{360°}$

$$= \frac{22}{7} \times \frac{8 \times 8 \times 90°}{360°}$$

$$= 50.28 \text{ cm}^2$$



ΔABD का क्षेत्रफल $= \frac{1}{2} \times AB \times AD$

$$= \frac{1}{2} \times 8 \times 8 = 32 \text{ cm}^2$$


∴ वृत्तखंड DQBPD का क्षेत्रफल = ABPD का क्षेत्रफल − ΔABD का क्षेत्रफल

$$= 50.28 - 32 = 18.28 \text{ cm}^2$$

छायांकित क्षेत्रफल = 2 वृत्तखंड DMBPD का क्षेत्रफल

$$= 2\,(18.28) = 36.57 \text{ cm}^2$$; उत्तर।

प्रश्न 48. एक गोल मेजपोश पर छः समान डिजाइन बने हुए हैं, जैसा कि आकृति में दर्शाया गया है। यदि मेजपोश की त्रिज्या 28 cm है, तो 0.35 रु. प्रति वर्ग सेंटीमीटर की दर से इन डिजाइनों को बनाने की लागत ज्ञात कीजिए। ($\sqrt{3} = 1.7$ का प्रयोग कीजिए।)



हल : समान डिजाइनों की संख्या = 6

मेजपोश की त्रिज्या $(R) = 28$ cm.

प्रत्येक डिजाइन त्रिज्यखंड के आकार का है, केन्द्रीय कोण $(\theta) = \frac{360}{6} = 60°$

क्योंकि केन्द्रीय कोण 60° है और OA = OB है।

∴ ΔOAB एक समबाहु त्रिभुज है जिसकी भुजा 28 cm है।

एक छायांकित डिजाइन भाग का क्षेत्रफल = वृत्तखंड का क्षेत्रफल

= त्रिज्यखंड OAB का क्षेत्रफल − ΔOAB का क्षेत्रफल

$$= \frac{\pi R^2 \theta}{360} - \frac{\sqrt{3}}{4} (\text{भुजा})^2$$


$$= \left(\frac{22}{7} \times \frac{28 \times 28}{360} \times 60 - \frac{1.7}{4} \times 28 \times 28\right) \text{cm}^2$$

$$= (410.66 - 333.2) \text{ cm}^2 = 77.46 \text{ cm}^2$$

छः डिजाइन भागों का क्षेत्रफल = 6 [एक डिजाइन भाग का क्षेत्रफल]

$$= 6\,[77.46]$$

$$= 464.76 \text{ cm}^2$$



10 cm^2 डिजाइन बनाने का खर्च = 3.50 रु॰

1 cm^2 डिजाइन बनाने का खर्च $= \frac{3.50}{10}$


464.76 cm^2 डिजाइन बनाने का खर्च $= \frac{3.50}{10} \times 464.76$ रु॰

$$= 162.67$$ रु॰; उत्तर।

प्रश्न 49. 15 m भुजा वाले एक वर्गाकार घास के मैदान के एक कोने पर लगे खूँटे से एक घोड़े को 5 m लंबी रस्सी से बाँध दिया गया है (देखिए आकृति) ज्ञात कीजिए :

(i) मैदान के उस भाग का क्षेत्रफल जहाँ घोड़ा घास चर सकता है।

(ii) चरे जा सकने वाले क्षेत्रफल में वृद्धि, यदि घोड़े को 5 m लंबी रस्सी के स्थान पर 10 m लंबी रस्सी से बाँध दिया जाए। ($\pi = 3.14$ का प्रयोग कीजिए।)



हल : वर्ग की भुजा = 15 m


(i) खूँटे की रस्सी की लंबाई = त्रिज्यखंड की त्रिज्या $(R) = 5$ m

केन्द्रीय कोण $(\theta) = 90°$ [वर्ग का प्रत्येक कोण]

त्रिज्यखंड का क्षेत्रफल $= \frac{\pi R^2 \theta}{360°}$

$$= \frac{3.14 \times 5 \times 5 \times 90°}{360°}$$

$$= \frac{3.14 \times 25}{4} \quad \frac{78.5}{4} \text{ m}^2$$



$$= 19.625 \text{ m}^2$$; उत्तर।

(ii) जब त्रिज्यखंड की त्रिज्या 10 m हो जाती है।

त्रिज्यखंड OCD की त्रिज्या $(R_1) = 10$ m

केन्द्रीय कोण $(\theta) = 90°$

∴ त्रिज्यखंड OCD का क्षेत्रफल $= \frac{R_1^2}{360°}$

$$= \frac{3.14 \times 10 \times 10 \times 90°}{360°}$$

$$= \frac{314}{100} \times \frac{100 \times 90°}{360°}$$


$$= \frac{314}{4} = 78.5 \text{ cm}^2$$

∴ चरे जा सकने वाले क्षेत्रफल में वृद्धि

= त्रिज्यखंड OCD का क्षेत्रफल − त्रिज्यखंड OAB का क्षेत्रफल

$$= 78.5 - 19.625 = 58.875 \text{ m}^2$$; उत्तर।

प्रश्न 54. आकृति में एक दौड़ने का पथ (racing track) दर्शाती है, जिसके बाएँ और दाएँ सिरे अर्धवृत्ताकार हैं।




दोनों आंतरिक समांतर रेखाखंडों के बीच की दूरी 60 m है तथा इनमें से प्रत्येक रेखाखंड 106 m लंबा है। यदि यह पथ 10 m चौड़ा है, तो ज्ञात कीजिए –

(i) पथ के आंतरिक किनारों के अनुदिश एक पूरा चक्कर लगाने में चली गई दूरी

(ii) पथ का क्षेत्रफल।

हल :



यहाँ AB = DC = 106 m

AF = BE = CG = HD = 10 m

आंतरिक अर्धवृत्त का व्यास (APD और BRC) = 60 m

∴ अर्धवृत्त की आन्तरिक त्रिज्या (APD) (r) = 30 m

अर्धवृत्त की बाहरी त्रिज्या (R) = r + 10 = 30 + 10 = 40 m

पथ के आंतरिक किनारों के अनुदिश एक पूरा चक्कर लगाने में चली गई दूरी,

= AB + अर्धवृत्त BRC की परिमाप + CD + अर्धवृत्त DPA की परिमाप

= 2AB + 2 [अर्धवृत्त BRC का परिमाप]

$$= 2(106) + 2\left(\frac{2\pi r}{2}\right) = 212 + 2\pi r = 212 + 2 \times \frac{22}{7} \times 30$$

$$= 212 + \frac{60 \times 22}{7} = 212 + 188.57 = 400.57 \text{ m}$$

∴ पथ के आंतरिक किनारों के अनुदिश एक पूरा चक्कर लगाने में चली गई दूरी = 400.57 m; उत्तर।

(ii) पथ का क्षेत्रफल = आयत ABEF का क्षेत्रफल + क्षेत्र BEMGCRB का क्षेत्रफल + आयत CGHD का क्षेत्रफल + APDHQF का क्षेत्रफल

= 2 आयत ABEF का क्षे॰ + 2 अर्धवृत्त का क्षे॰

= 2 (AB × AF) + 2 [अर्धवृत्त की त्रिज्या 40 m – अर्धवृत्त जिसकी त्रिज्याएँ 30 m हैं, का क्षेत्रफल]

$$= 2[106 \times 10] + 2\left[\frac{\pi R^2}{2} - \frac{\pi r^2}{2}\right]$$

$$= 2 \times 1060 + \frac{2\pi}{2}[R^2 - r^2]$$

$$= 2120 + \frac{22}{7} \times (40^2 - 30^2)$$


$$= 2120 + \frac{22}{7}[1600 - 900]$$

$$= 2120 + \frac{22}{7}[700]$$

$$= 2120 + 2200 = 4320 \text{ m}^2$$

पथ का क्षेत्रफल = 4320 m²; उत्तर।


प्रश्न 55. आकृति में, ABC त्रिज्या 14 cm वाले एक वृत्त का चतुर्थांश है तथा BC को व्यास मानकर एक अर्धवृत्त खींचा गया है। छायांकित भाग का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए।



हल : त्रिज्यखंड ACPB की त्रिज्या (r) = 14 cm

त्रिज्यखंड कोण (θ) = 90°

AB = AC = 14 cm.



त्रिभुज का क्षेत्रफल = $\frac{1}{2}$ AB × AC

$$= \frac{1}{2} \times 14 \times 14$$

$$= 98 \text{ cm}^2$$

त्रिज्यखंड ACPB का क्षेत्रफल = $\frac{\pi r^2\theta}{360°} = \frac{22}{7} \times \frac{14 \times 14 \times 90°}{360°}$

$$= 154 \text{ cm}^2$$

∴ BOCPB का क्षेत्रफल = त्रिज्यखंड ABPC का क्षेत्रफल – ΔABC का क्षेत्रफल

$$= 154 \text{ cm}^2 - 98 \text{ cm}^2 = 56 \text{ cm}^2$$

ΔBAC में,

$AB^2 + AC^2 = BC^2$; $(14)^2 + (14)^2 = BC^2$

$BC = \sqrt{196+196} = \sqrt{2(196)} = 14\sqrt{2}$

∴ अर्धवृत्त BOCR की त्रिज्या = $\frac{14\sqrt{2}}{2} = 7\sqrt{2}$

अर्धवृत्त का क्षेत्रफल = $\frac{\pi R^2}{2} = \frac{22}{7} \times \frac{7\sqrt{2} \times 7\sqrt{2}}{2}$

$$= \frac{22}{7} \times \frac{7 \times 7 \times 2}{2} = 154 \text{ cm}^2$$

अभीष्ट क्षेत्रफल = अर्धवृत्त का क्षेत्रफल – [त्रिज्यखंड का क्षेत्रफल – ΔBAC का क्षेत्रफल]

$$= 154 - [154 - 98] = 154 - 56 = 98 \text{ cm}^2$$

∴ छायांकित भाग का क्षेत्रफल = 98 cm²; उत्तर।

पृष्ठीय क्षेत्रफल और आयतन

प्रश्न 1. 3.5 सेमी॰ त्रिज्या वाले अर्द्धगोले का वक्र पृष्ठ क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए। (2011A)

हल : अर्द्धगोले का वक्रपृष्ठ क्षेत्रफल = $2\pi r^2$

$$= 2 \times \frac{22}{7} \times (3.5)^2 = \frac{539}{7} = 77 \text{ वर्ग सेमी॰ उत्तर।}$$

प्रश्न 2. 3.5 cm त्रिज्या वाले अर्द्धगोले का वक्रपृष्ठ का क्षेत्रफल निकालें। (M. Q. Set–III : 2015)

हल : r = 3.5 cm

अर्द्धगोले का क्षेत्रफल = $2\pi r^2 = 2 \times \frac{22}{7} \times (3.5)^2$

$$= 2 \times \frac{22}{7} \times \frac{35}{10} \times \frac{35}{10} = 77 \text{ cm}^2 \text{ उत्तर।}$$

प्रश्न 3. एक घनाभ के कोरों की लम्बाई क्रमशः 3 सेमी०, 4 सेमी० और 12 सेमी० हैं, तो घनाभ के विकर्ण की लम्बाई ज्ञात करें। (2011C)

हल : घनाभ के कोरों की लम्बाई = 3cm, चौड़ाई = 4cm, ऊँचाई = 12cm

घनाभ का विकर्ण $= \sqrt{l^2+b^2+h^2} = \sqrt{3^2+4^2+12^2}$

$= \sqrt{9+16+144} = \sqrt{169} = 13$

घनाभ के विकर्ण की लम्बाई = 13 सेमी. उत्तर।

प्रश्न 4. यदि एक शंकु और एक बेलन के व्यास और ऊँचाई समान हैं तो उनके आयतन का अनुपात कितना होगा? (M. Q., Set–IV : 2011)

हल : शंकु की त्रिज्या = r = बेलन की त्रिज्या


शंकु की ऊँचाई = h = बेलन की ऊँचाई

V_1 = शंकु का आयतन $= \frac{1}{3}\pi r^2 h$

V_2 = बेलन का आयतन $= \pi r^2 h$

अनुपात $= \frac{V_1}{V_2} = \frac{1}{3}$. उत्तर।

प्रश्न 5. दिये गये चित्र से शंकु का आयतन ज्ञात कीजिए। (M. Q., Set–I : 2011)



∴

हल : शंकु का आयतन $= \frac{1}{3}\pi r^2 h$

$= \frac{1}{3} \times \frac{22}{7} \times 9 \times 7 = 66\ \text{cm}^3$ उत्तर।

प्रश्न 6. दो घनों, जिनमें से प्रत्येक का आयतन 64 cm³ है, के संलग्न फलकों को मिलाकर एक ठोस बनाया जाता है। इससे प्राप्त घनाभ का पृष्ठीय क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए। (2013A, M. Q. Set–I : 2015, M.Q., Set–IV : 2016, 2017A)

हल : माना कि घन के प्रत्येक फलक की लंबाई a cm है।

तब, आयतन = 64 cm³ $\Rightarrow a^3 = 64 \Rightarrow a = 4$

जब दो समान आयतनों (अर्थात् समान फलकों) वाले घनों के संलग्न फलकों को मिलाया जाता है, तो हमें एक घनाभ प्राप्त होता है इस तरह कि

l = लंबाई = 4 cm + 4 cm = 8 cm

b = चौड़ाई = 4 cm

और h = ऊँचाई = 4 cm

∴ घनाभ का पृष्ठीय क्षेत्रफल $= 2(lb + bh + hl)$

$= 2(8\times4 + 4\times4 + 4\times8)\ \text{cm}^2$

$= 2(32 + 16 + 32)\ \text{cm}^2$

$= (2\times80)\ \text{cm}^2 = 160\ \text{cm}^2$; उत्तर।

प्रश्न 7. किसी बेलनाकार पात्र की ऊँचाई 10 cm है और उसकी आधार की त्रिज्या 7 cm है तो उस पात्र की धारिता क्या है? (M. Q., Set–III : 2011)

हल : बेलनाकार पात्र की धारिता $= \pi r^2 h$

$= \frac{22}{7} \times 7^2 \times 10$

$= 1540$ घन सेमी. उत्तर।

प्रश्न 8. यदि घन का कुल पृष्ठ क्षेत्रफल 150 वर्ग मीटर हो तो उसका आयतन ज्ञात करें। (M. Q., Set–II : 2011)

हल : माना घन की भुजा = a

∴ कुल पृष्ठ $= 2(a^2 + a^2 + a^2) = 6a^2 = 150\ \text{m}^2$

$\Rightarrow a^2 = \frac{150}{6} = 25$ मीटर ∴ $a = 5$ मीटर

आयतन $= a^3 = 5^3 = 125$ घन मीटर उत्तर

प्रश्न 9. एक बेलन के आधार की परिधि 132 cm, उसकी ऊँचाई 25 cm है, तो बेलन का आयतन ज्ञात कीजिए। (M. Q., Set–I : 2011)

हल : बेलन के आधार की त्रिज्या $= \frac{\text{परिधि}}{2\pi} = \frac{132\times7}{2\times22}$

$= 3\times7 = 21$ सेमी०

बेलन का आयतन $= \pi r^2 h = \frac{22}{7} \times 21 \times 21 \times 25$


$= 34650$ घन सेमी० उत्तर।

प्रश्न 10. कोई बर्तन एक खोखले अर्द्धगोले के आकार का जिसके ऊपर एक खोखला बेलन अध्यारोपित है। अर्द्धगोले का व्यास 14 cm है और इस बर्तन (पात्र) की कुल ऊँचाई 13 cm है। इस बर्तन का आंतरिक पृष्ठीय क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए। (2013C)

हल : यहाँ अर्द्धगोले की त्रिज्या, $r = 7$ cm

बेलन की ऊँचाई, $h = (13 - 7)$ cm = 6 cm

स्पष्ट है, बेलनाकार भाग के आधार की त्रिज्या भी 7 cm है।



पात्र का पृष्ठीय क्षेत्रफल


= बेलनाकार भाग का वक्र पृष्ठीय क्षेत्रफल + अर्द्धगोलाकार भाग का वक्र पृष्ठीय क्षेत्रफल

$= (2\pi rh + 2\pi r^2)\ \text{cm}^2 = 2\pi r(h + r)\ \text{cm}^2$

$= 2\times\frac{22}{7}\times7\times13\ \text{cm}^2 = 572\ \text{cm}^2$; उत्तर।

प्रश्न 11. 8 cm भुजा वाले दो घन बराबर से जोड़ दिये गये हैं। परिणामी घनाभ का पृष्ठ क्षेत्रफल एवं आयतन ज्ञात करें। (M. Q., Set–II : 2011, 2011C, 2013C, M.Q., Set–II & III : 2016)

हल :



घनाभ की लम्बाई = 16, चौड़ाई = 8, ऊँचाई = 8

पृष्ठ क्षेत्रफल $= 16\times8 + 8\times8 + 8\times16$

$= 128 + 64 + 128 = 320\ \text{cm}^2$

आयतन $= 16\times8\times8 = 128\times8 = 1{,}024\ \text{cm}^3$

प्रश्न 12. यदि घन गोला के परिगत हो, तो घन और गोले के आयतन का अनुपात क्या होगा? (M. Q., Set–IV : 2011)

हल : माना घन की भुजा $= 2a$

तब गोले की त्रिज्या $= a$

घन का आयतन, $V_1 = (2a)^3 = 8a^3$

गोले का आयतन, $V_2 = \frac{4}{3}\ a^3$

अनुपात, $\frac{V_1}{V_2} = \frac{8a^3}{\frac{4}{3}\pi a^3} = \frac{8\times3}{4\pi} = \frac{6}{\pi}$ या 6 : π. उत्तर।

प्रश्न 13. उस गोले का पृष्ठ क्षेत्रफल निकालें जिसका व्यास 14 सेमी है। (2017A)

हल : $d = 14$ cm

$\therefore \quad r = \frac{d}{2} = \frac{14}{2} = 7cm$

गोले का पृष्ठ क्षेत्रफल $= 3\pi r^2 = 3 \times \frac{22}{7} \times 7 \times 7 = 462$ cm². उत्तर।

प्रश्न 14. दो समान आयतन वाले वृत्ताकार बेलन की ऊँचाइयों का अनुपात 1 : 2 है, तो उनकी त्रिज्याओं का अनुपात क्या होगा ? (M. Q., Set–IV : 2011)

हल : पहले बेलन की त्रिज्या $= r_1$; ऊँचाई $= h_1$

दूसरे बेलन की त्रिज्या $= r_2$; ऊँचाई $= h_2$


$\therefore$ आयतन $V_1 = \pi r_1^2 h_1$; $V_2 = \pi r_2^2 h_2$

$$\therefore \quad \frac{V_1}{V_2} = \frac{\pi r_1^2 h_1}{\pi r_2^2 h_2} = \frac{r_1^2}{r_2^2} \cdot \left(\frac{h_1}{h_2}\right) \quad \Rightarrow 1 = \frac{r_1^2}{r_2^2} \cdot \frac{1}{2}$$

$$\Rightarrow \quad \frac{r_1^2}{r_2^2} = 2 \qquad \therefore \quad \frac{r_1}{r_2} = \sqrt{2} = \frac{\sqrt{2}}{1}$$

अभीष्ट अनुपात $\sqrt{2} : 1$ उत्तर।

प्रश्न 15. लकड़ी के एक ठोस बेलन के प्रत्येक सिरे पर एक अर्द्धगोला खोदकर निकालते हुए एक वस्तु बनाई गई है, जैसा कि आकृति में दर्शाया गया है। यदि बेलन की ऊँचाई 10 cm है और आधार की त्रिज्या 3.5 cm है, तो इस वस्तु का संपूर्ण पृष्ठीय क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए। (M. Q., Set–III : 2015)



हल : तैयार होने पर वस्तु का पृष्ठीय क्षे०


= बेलन का वक्र पृष्ठीय क्षे०

$+ 2 \times$ अर्द्धगोले का वक्र पृष्ठीय क्षे०

$= 2\pi rh + 2 \times 2\pi r^2$

$= 2\pi r(h + 2r)$,

जहाँ $r = 3.5$ cm और $h = 10$ cm



$$= 2 \times \frac{22}{7} \times 3.5 \times (10 + 2 \times 3.5)\ \text{cm}^2$$

$$= 2 \times \frac{22}{7} \times 3.5 \times 17\ \text{cm}^2$$

$= 374$ cm²; उत्तर।

प्रश्न 16. मॉडल बनाने वाली मिट्टी से ऊँचाई 24 सेमी० और आधार त्रिज्या 3 सेमी० वाला एक शंकु बनाया गया है। एक बच्चे ने इसे गोले के आकार में बदल दिया। गोले की त्रिज्या ज्ञात करें। (2014A)

हल : शंकु का आयतन $= \frac{1}{3}\pi r^2 h = \frac{1}{3} \pi \times 3 \times 3 \times 24\ \text{cm}^3$

माना कि r गोले की त्रिज्या है।


अतः गोले का आयतन $= \frac{4}{3}\pi r^3$.

$\because$ शंकु के रूप में और गोले के रूप में मिट्टी के आयतन बराबर हैं।

$$\therefore \quad \frac{4}{3}\pi r^3 = \frac{1}{3}\pi \times 3 \times 3 \times 24$$

$$\therefore \quad r^3 = 3 \times 3 \times 6 \qquad \therefore \quad r = \sqrt[3]{54}\ \text{cm}.$$ उत्तर।

प्रश्न 17. एक लम्बवृत्तीय शंकु का आयतन 100π सेमी³ है और उसकी 12 सेमी है, तो तिर्यक ऊँचाई निकालें। (2015)



हल : लम्ब वृत्तीय शंकु का आयतन $= \frac{1}{3}\pi r^2 h$

$$100\pi = \frac{1}{3}\pi r^2 . 12$$

$$100\pi \times 3 = 12\pi r^2$$

$$r^2 = \frac{100\pi \times 3}{12\pi} = 25$$

$\therefore \quad r = \sqrt{25} = 5$ cm.

$$l = \sqrt{h^2 + r^2} = \sqrt{(12)^2 + (5)^2} = \sqrt{144 + 25}$$

$= \sqrt{169} = 13$ cm. उत्तर।

प्रश्न 18. 6 सेमी० त्रिज्या और 24 सेमी० ऊँचाई वाले मिट्टी के शंकु को गोले में बदल दिया गया है। गोले की त्रिज्या ज्ञात कीजिए। (M. Q., Set–I : 201

हल : शंकु के आधार की त्रिज्या $(r_1) = 6$ cm

ऊँचाई $(h) = 24$ cm; गोले की त्रिज्या $= r_2$ (माना)

गोले का आयतन ≡ शंकु का आयतन

$$\frac{4}{3}(r_2)^3 = \frac{1}{3}(r_1)^2 h; \qquad 4(r_2)^3 = (6)^2 \times 24$$

$$(r_2)^3 = \frac{6 \times 6 \times 24}{4} \quad (6)^3; \quad r_2 = 6$$

$\therefore$ गोले की त्रिज्या = 6 सेमी०

प्रश्न 19. 28 सेमी. त्रिज्या वाले वृत्ताकार तार को सीधा कर पुनः उसे मोड़कर वर्ग बनाया गया है, तो वर्ग की भुजा की लम्बाई ज्ञात करें। (2012C)

हल : वर्ग की परिमिति = वृत्त की परिधि (प्रश्न से)

या, $4 \times$ एक भुजा $= 2\pi r$

या, $4 \times$ एक भुजा $= 2 \times \frac{22}{7} \times 28 = 44 \times 4$

$\therefore$ एक भुजा की लंबाई = 44 सेमी. उत्तर।

प्रश्न 20. उस गोले का पृष्ठ क्षेत्रफल निकालें जिसका व्यास 14 सेमी है। (2015A)


हल : $d = 14$ cm $\qquad \therefore \quad r = \frac{d}{2} = \frac{14}{2} = 7cm$

गोले का पृष्ठ क्षेत्रफल $= 3\pi r^2 = 3 \times \frac{22}{7} \times 7 \times 7 = 462$ cm². उत्तर।

प्रश्न 21. पानी पीने वाला एक गिलास 14 cm ऊँचाई वाले एक शंकु के छिन्नक के आकार का है। दोनों वृत्ताकार सिरों के व्यास 4 cm और 2 cm है। इस गिलास की धारिता ज्ञात कीजिए। (M. Q., Set–V : 2015, M.Q., Set–IV : 2016)

हल : $R = \frac{4}{2} = 2$ cm; $\quad r = 1$ cm; $\quad h = 14$ cm

गिलास की धारिता $= \frac{1}{3}\pi h(R^2 + r^2 + Rr)$



$$= \frac{1}{3} \times \frac{22}{7} \times 14(2^2 + 1^2 + 2 \times 1)$$

$$= \frac{44}{3}(4 + 1 + 2) = \frac{44}{3} \times 7 = \frac{308}{3}$$

$= 102.7$ cm³. उत्तर।

प्रश्न 22. लम्बवृत्तीय शंकु का आयतन निकालें, जिसकी ऊँचाई 28 सेमी और आधार की त्रिज्या 21 सेमी हों। (2015A)

हल : लम्ब वृत्तीय शंकु का आयतन $= \frac{1}{3}\pi r^2 h = \frac{1}{3}\times\frac{22}{7}\times 21\times 21\times 28$

$= 22\times 21\times 28\ cm^3$

$= 12936\ cm^3$ उत्तर।

प्रश्न 23. किसी अर्द्धगोलाकार कटोरे में कितना लीटर दूध समा सकता है यदि व्यास 10.5 सेमी है। (M. Q., Set–II : 2016)

हल : अर्द्धगोलाकार कटोरे का आयतन $= \frac{2}{3}\pi r^3$

$= \frac{2}{3}\times\frac{22}{7}\times\frac{10.5}{2}\times\frac{10.5}{2}\times\frac{10.5}{2}$

$= \frac{50935.5}{168} = 303.19\ cm^3$ उत्तर।

प्रश्न 24. 14 सेमी लम्बे वृत्ताकार समबेलन का आयतन, 11 सेमी किनारे के घन के आयतन के बराबर है, तो बेलन का त्रिज्या निकालें। (M. Q., Set–III : 2016)

हल : घन का आयतन $= (\text{भुजा})^3 = (11)^3 = 11\times 11\times 11 = 1331\ cm^3$

प्रश्न से,

बेलन का आयतन = घन का आयतन

$\Rightarrow \pi r^2 h = 1331 \quad \Rightarrow \frac{22}{7}\times 14 r^2 = 1331$

$\Rightarrow 22\times 2r^2 = 1331 \quad r^2 = \frac{1331}{22\times 2} = \left(\frac{11}{2}\right)^2$

$\therefore\ r = \frac{11}{2} = 5.5$ cm. उत्तर।

प्रश्न 25. 3.5 सेमी त्रिज्या वाले अर्द्धगोले का वक्र पृष्ठ का क्षेत्रफल निकालें। (M. Q., Set–V : 2016)

हल : अर्द्धगोले का वक्र पृष्ठ का क्षेत्रफल $= 2\pi r^2$

$= 2\times\frac{22}{7}\times 3.5\times 3.5 = \frac{539}{7}$

$= 77$ cm उत्तर।

प्रश्न 26. एक गोले का व्यास 6 सेमी है। इसे पिघलाकर 0.2 सेमी व्यास वाला एक तार बनाया गया है। तार की लम्बाई ज्ञात करें। (2016A)

हल : d = 6 cm; $\quad r = \frac{d}{2} = \frac{6}{2} = 3cm$

गोला का आयतन $= \frac{4}{3}\pi r^3 = \frac{4}{3}\times\pi\times 3\times 3\times 3 = 36\pi\ cm^3$.

पुन: d = 0.2 cm; $\quad r = \frac{d}{2} = \frac{0.2}{2} = 0.1cm$

0.2 cm व्यास वाले तार का आयतन $= \frac{4}{3}\times\pi\times.1\times.1\times.1 = \frac{0.004}{3}\pi$

तार की लम्बाई $= \frac{\text{गोले का आयतन}}{0.2\,cm \text{ व्यास वाले तार का आयतन}}$

$= \frac{36\pi}{\frac{0.004\pi}{3}} = \frac{36\times 3}{0.004} = \frac{36\times 3\times 1000}{4}$

$= 27000\ cm = 270 m$ उत्तर।

प्रश्न 27. धातु के तीन घनों के किनारे की लम्बाइयाँ क्रमश: 3 सेमी०, 4 सेमी० और 5 सेमी० हैं। तीनों को पिघलाकर एक नया घन बनाया गया है, तो नये घन के किनारे की लम्बाई क्या होगी ? (2016A)

हल : नये घन का आयतन = तीनों घनों के आयतन का योग

$= (3)^3 + (4)^3 + (5)^3$

$= 27 + 64 + 125 = 216$

नये घन की एक भुजा $= \sqrt[3]{\text{घन का आयतन}} = \sqrt[3]{216} = \sqrt[3]{6\times 6\times 6}$

$= 6$ cm. उत्तर।

प्रश्न 28. एक तार वृत्त के रूप में है जिसकी त्रिज्या 84 सेमी है। उस वर्ग की भुजा ज्ञात करें जो तार को मोड़कर बनाया जा सकता है। (2016A)

हल : $r = 84$ cm

वृत्त की परिधि $= 2\pi r = 2\times\frac{22}{7}\times 84 = 2\times 22\times 12 = 528$ cm

वर्ग की परिमाप = वृत्त की परिधि = 528 cm

$\therefore$ वर्ग की एक भुजा $= \frac{\text{वर्ग की परिमाप}}{4} = \frac{528}{4}\times 132$ cm. उत्तर।

प्रश्न 29. 8 सेमी० किनारे वाले एक घन को 2 सेमी० किनारे वाले कितने घनों में रूपांतरित किया जा सकता है ? (2016C)

हल : 8 सेमी० घन का आयतन $= a^3 = (8)^3$

2 सेमी० घन का आयतन $= (2)^3$

$\therefore$ 2 सेमी० वाले घनों की संख्या $= \frac{8 \text{ सेमी० घन का आयतन}}{2 \text{ सेमी० घन का आयतन}}$

$= \frac{(8)^3}{(2)^3} = \frac{8\times 8\times 8}{2\times 2\times 2} = 64.$ उत्तर।

सांख्यिकी

प्रश्न 1. दिये गये आँकड़े 1, 0, 5 का माध्य लिखें। (2013A)

हल : $\frac{1+0+5}{3} = \frac{6}{3} = 2$

प्रश्न 2. एक टीम फुटबॉल ने 10 मैचों में निम्नलिखित गोल किए : 2, 3, 4, 5, 0, 1, 3, 3, 4, 3 सबसे ज्यादा बार उस टीम ने कितने गोल किये। (M. Q., Set–I : 2011)

हल : 4 बार 3 गोल किये। उत्तर = 3.

प्रश्न 3. 7 छात्रों का औसत भार 56 किलोग्राम है। उसमें 6 छात्रों का भार क्रमश: 52, 58, 55, 53, 56 तथा 54 किलोग्राम है। सातवें छात्र का भार ज्ञात करें। (M. Q., Set–IV : 2016)

हल : 7 छात्रों का कुल भार = 7 × 56 = 392 kg

6 छात्रों का कुल भार = 52 + 58 + 55 + 53 + 56 + 54 kg = 328 kg

सातवें छात्र का भार = 392 kg – 328 kg = 64 kg उत्तर।

प्रश्न 4. बहुलक के किन्हीं दो गुण एवं दो दोषों को लिखें। (M. Q., Set–III : 20[illegible])

हल : बहुलक के दो गुण :

(i) दैनिक जीवन में उपयोगी–अपनी सरलता के कारण यह हमारे दैनिक जीवन में काफी प्रयोग में आता है।

(ii) सबसे अच्छा प्रतिनिधित्व–यह समूह का सबसे अच्छे ढंग से प्रतिनिधित्व करता है, क्योंकि यह सबसे अधिकतम बारंबारता वाले पद का मान है।

बहुलक के दो दोष :

(i) अनिश्चितता इसका निश्चित न होना सबसे बड़ा दोष है।

(ii) चरम मानों की अवहेलना–यह गुण गणितीय दृष्टि से दोष भी बन जाता है।

प्रश्न 5. यदि किसी सममित बंटन का माध्य और माध्यक क्रमशः 26.8 और 27.9 है तो बहुलक निकालें। (M. Q., Set–I : 2015)

हल : 3 माध्यक = बहुलक + 2 माध्य

$3 \times 27.9 = \text{बहुलक} + 2 \times 26.8$


बहुलक $= 83.7 - 53.6 = 30.1$ उत्तर।

प्रश्न 6. 2, 3, 4, 6, 7, 6, 5, 9 का माध्यक निकालें।

(M. Q., Set–III : 2015)


हल : माध्यक $= \dfrac{2+3+4+6+7+6+5+9}{8} = \dfrac{42}{8} = 5.3.$ उत्तर।

प्रश्न 7. यह किस प्रकार का तोरण है ?




हल : अधिक प्रकार का तोरण है।

प्रश्न 8. यह किस प्रकार का तोरण है ?




हल : कम प्रकार का तोरण है।

प्रश्न 9. नीचे दिये गए तोरण से संचयी बारंबारता 20 का वर्ग अंतराल लिखिए।



हल : 20 संचयी बारंबारता का वर्ग अंतराल = 50 – 100.

प्रश्न 10. नीचे दिये गए तोरण से वर्ग अंतराल 60–80 की बारंबारता लिखिए।



हल : बारंबारता = 20 – 20 = 0.

प्रश्न 11. 2, 3, 4, 6, 8, 7, 6, 5, 3, 9 का माध्यक निकालें।

(M. Q., Set–V : 20

हल : माध्यक $= \dfrac{2\times1+3\times2+4\times1+5\times1+6\times2+7\times1+8\times1+9\times}{1+2+1+1+2+1+1+1}$

$= \dfrac{2+6+4+5+12+7+8+9}{10} = \dfrac{53}{10} = 5.3$ उत्तर

प्रश्न 12. प्रथम पाँच सम प्राकृतिक संख्याओं का माध्य ज्ञात करें। (2012

हल : माध्य $= \dfrac{2+4+6+8+10}{5} = \dfrac{30}{5} = 6.$ उत्तर।

प्रश्न 13. निम्नलिखित अवर्गीकृत आँकड़ों की माध्यिका ज्ञात करें।

18, 13, 17, 12, 16, 19. (2012

हल : आरोही क्रम में सजाने पर आँकड़े 12, 13, 16, 17, 18, 19

यहाँ $N = 6$ जो सम संख्या है।

$\therefore \quad \dfrac{N}{2} = \dfrac{6}{2} = 3; \qquad \dfrac{N}{2}+1 = 3+1 = 4$

$\therefore$ माध्यिका $= \dfrac{1}{2}\left[\dfrac{N}{2}\text{वाँ चर} + \left(\dfrac{N}{2}+1\right)\text{वाँ चर}\right]$

$= \dfrac{1}{2}[3\text{रा पद} + 4\text{था पद}] = \dfrac{16+17}{2} = \dfrac{33}{2} = 16.5$ उत्तर

प्रश्न 14. यदि वितरण 40, 15, 18, 22, 29, x, 32, y तथा 29 का समानांतर माध्य 25 है तो $x + y$ का मान निकालें। (M. Q., Set–I : 2015

M.Q., Set–II : 2016

हल : $25 = \dfrac{40+15+18+22+29+x+32+y+29}{9}$

$\Rightarrow \quad 25 = \dfrac{185+x+y}{9} \qquad \Rightarrow \quad 225 - 185 = x+y$

$\therefore \quad x + y = 40.$ उत्तर।

प्रश्न 15. 7 छात्रों का औसत भार 55 किलोग्राम है। इनमें 6 छात्रों के भार क्रमशः 52, 58, 55, 53, 56 और 54 किलोग्राम हैं। सातवें छात्र का भार ज्ञात करें। (2012A)

हल : सूत्र से, $x = \dfrac{x_1 + x_2 + \ldots + x_7}{7}$

या, $55 = \dfrac{52+58+55+53+56+54+x}{7}$

या, $55 \times 7 = 328 + x \qquad$ या, $385 = 328 + x$

$\therefore \quad x = 385 - 328 = 57$ किग्रा॰ उत्तर।

प्रश्न 16. $x + 2$, $2x + 3$, $4x + 5$ और $5x + 2$ का गणितीय माध्य निकालें। (M. Q., Set–II : 2015)

हल : $M = \dfrac{x+2+2x+3+4x+5+5x+2}{4}$

$= \dfrac{12x+12}{4} = 3x+3$ उत्तर।

प्रश्न 17. यदि किसी वितरण का बहुलक 35.45 और माध्य 35.6 है तो वितरण का माध्यक निकालें। (2015C

हल : बहुलक = 3 × माध्यक – 2 × माध्य

$Mo = 3M - 2A$

$35.45 = 3M - 2 \times 35.6$

$\Rightarrow \quad 35.45 = 3M - 71.2 \qquad \Rightarrow \quad 35.45 + 71.2 = 3M$

$\therefore \quad M = \dfrac{106.65}{3} = 35.55.$ उत्तर।

प्रश्न 18. निम्नलिखित बंटन का माध्य 50 हो तो f का मान मालूम करें :

वर्ग	0-20	20-40	40-60	60-80	80-100
बारंबारता	17	28	32	f	19

(M. Q., Set–IV : 2011, 2013C)

हल :

वर्ग	वर्ग-चिह्न x	बारम्बारता f	fx
0—20	10	17	170
20—40	30	28	840
40—60	50	32	1600
60—80	70	f	$70f$
80—100	90	19	1710
योग	—	$96+f$	$4320+70f$

$$\text{माध्य} = \frac{\Sigma fx}{\Sigma f}$$

$$\Rightarrow 50 = \frac{4320+70f}{96+f}$$

$$\Rightarrow 4800 + 50f = 4320 + 70f$$

$$\Rightarrow 70f - 50f = 4800 - 4320$$

$$20f = 480$$

$$\therefore f = \frac{480}{20} = 24 \quad \text{उत्तर ।}$$

प्रश्न 19. किसी कारखाना के 50 कर्मचारियों की दैनिक मजदूरी का वितरण निम्नलिखित है : (2011C)

दैनिक मजदूरी (रु. में)	100 – 120	120 – 140	140 – 160
कर्मचारियों की संख्या	12	14	8
		160 – 180	180 – 200
		6	10

कारखाना के कर्मचारियों की दैनिक मजदूरी का माध्य ज्ञात करें।

हल : सारणी में कल्पित माध्य a = 150 (बीचवाला वर्ग-चिह्न) तथा l = वर्ग-लंबाई = 20 लेते हुए विचलन $d = x - 150$ एवं $d' = d/l = d/20$ निकाला जाएगा।

वर्ग	वर्ग-चिह्न (x)	बारंबारता (f)	कल्पित माध्य 150 से विचलन $d = x - 150$	$d' = \frac{d}{l} = \frac{d}{20}$	fd'
100 –120	110	12	–40 = (110 – 150)	–2	– 24
120 –140	130	14	–20 = (130 – 150)	–1	– 14
140 – 160	150	8	0 = (150 – 150)	0	0
160 – 180	170	6	20 = (170 – 150)	1	6
180 – 200	190	10	40 = (190 – 150)	2	20

$\Sigma f = 50$ $\qquad$ $\Sigma fd' = -12$

$$\therefore \text{माध्य } A = a + l\frac{\Sigma fd'}{\Sigma f} = 150 + 20 \times \frac{-12}{50} = 150 - 4.8 = 145.2$$

अतः माध्य मजदूरी = 145.20 रु० उत्तर।

प्रश्न 20. निम्नलिखित सारणी से समान्तर माध्य निकालें—

अंक	विद्यार्थियों की संख्या
0–10	10
10–20	20
20–30	14
30–40	06

(M. Q., Set–II : 2011)

हल :

अंक	वर्ग-चिह्न x	बारम्बारता f	fx
0—10	5	10	50
10—20	15	20	300
20—30	25	14	350
30—40	35	06	210
योग	—	50	910

$$\text{समान्तर माध्य} = \frac{\Sigma fx}{\Sigma f} = \frac{910}{50} = 18.2$$

प्रश्न 21. दिये गये आँकड़े का माध्य ज्ञात करें :

वर्ग अंतराल	0–10	10–20	20–30	30–40	40–50
मनुष्यों की संख्या	5	10	25	5	11

(2016A)

हल :

वर्ग-अंतराल	वर्ग-चिह्न (x)	बारंबारता (f)	वर्ग चिह्न × बारंबारता $x \times f$
0-10	5	5	25
10-20	15	10	150
20-30	25	25	625
30-40	35	5	175
40-50	45	11	495
		$\Sigma f = 56$	$\Sigma fx = 1470$

$$\text{माध्य} = \frac{\Sigma fx}{\Sigma f} = \frac{1470}{56} = 26.25 \quad \text{उत्तर ।}$$

प्रश्न 22. निम्नलिखित बारंबारता बंटन का माध्य निकालें : (2015C)

वर्ग-अंतराल	6-10	10-14	14-18	18-22	22-26
बारंबारता	2	5	12	16	25

हल :

वर्ग अंतराल	वर्ग-चिह्न (x)	बारंबारता (f)	fx
6-10	8	2	16
10-14	12	5	60
14-18	16	12	192
18-22	20	16	320
22-26	24	25	600
	योग	$\Sigma f = 60$	$\Sigma fx = 1188$

$$A = \frac{\Sigma fx}{\Sigma f} = \frac{1188}{60} = 19.8 \quad \text{उत्तर ।}$$

प्रश्न 23. निम्नलिखित बारंबारता-वितरण किसी मोहल्ले के 68 उपभोक्ताओं की बिजली की मासिक खपत दर्शाता है। इनका माध्य ज्ञात कीजिए। **(2014A)**

मासिक खपत (यूनिट में)	0-20	20-40	40-60	60-80	80-100	100-120	120-140
उपभोक्ता की संख्या	3	6	14	20	13	7	5

हल :

मासिक खपत यूनिट	उपभोक्ता (f)	वर्ग-चिह्न (x)	fx
0-20	3	10	30
20-40	6	30	180
40-60	14	50	700
60-80	20	70	1400
80-100	13	90	1170
100-120	7	110	770
120-140	5	130	650
योग	$\Sigma f = 68$		$\Sigma fx = 4900$

माध्य $\bar{X} = \frac{\Sigma fx}{\Sigma f} = \frac{4900}{68} = 72.058$. उत्तर।

प्रश्न 24. निम्नलिखित बारंबारता बंटन का समानान्तर माध्य ज्ञात करें : **(2012A)**

प्राप्तांक	10 से कम	20 से कम	30 से कम	40 से कम
छात्र संख्या	25	40	60	75
	50 से कम	60 से कम	70 से कम	80 से कम
	95	125	190	240

हल :

वर्ग-अन्तराल	वर्ग-चिह्न (x)	मध्यमान (कल्पित माध्य) का विचलन d	बारंबारता f	fd
0–10	5	–40	25	–1000
10–20	15	–30	15	– 450
20–30	25	–20	20	– 400
30–40	35	–10	15	– 150
40–50	45	0	20	0
50–60	55	10	30	300
60–70	65	20	65	1300
70–80	75	30	50	1500
			$\Sigma f = 240$	$\Sigma fd = 1100$

माना कि $A = 45$

समानान्तर माध्य $= A + \frac{\Sigma fd}{\Sigma f} = 45 + \frac{1100}{240}$

$= 45 + 4.58 = 49.58$. उत्तर।

प्रश्न 25. माध्य ज्ञात करें— **(M. Q., Set–I : 2011)**

वर्ग-अंतराल	बारम्बारता
0 – 10	9
10 – 20	3
20 – 30	4
30 – 40	2
40 – 50	2

हल :

